## खबर संक्षेप

### बेल्दरा पंचायत में गुणवत्ताविहीन निर्माण कार्य, ग्रामीणों ने की उपयंत्री की जांच की मांग

**मैहर।** जनपद पंचायत मैहर के अंतर्गत आने वाली ग्राम पंचायत बेल्दरा में घटिया निर्माण कार्यों और वित्तीय अनियमितताओं को लेकर ग्रामीणों में भारी असंतोष है। ग्रामीणों का आरोप है कि उपयंत्री (इंजीनियर) राजाभैया सिंह के संरक्षण में सीसी रोड और नालियों का निर्माण प्राकलन के विपरीत और बेहद घटिया स्तर का कराया जा रहा है। वार्ड क्रमांक 5 में नाली का निर्माण और गणेश कोरी के घर से चिंतामणि पटेल के घर तक सीसी रोड का निर्माण रात के अंधेरे में बिना सही अनुपात में सीमेंट-रेत मिलाए किया गया। सड़क निर्माण को महज दो महीने हुए हैं और यह अभी से उखड़ने लगी है। मजदूरों के बजाय मशीनों से काम कराकर रोजगार का हक भी मारा गया है। इस संबंध में जिला कलेक्टर सहित उच्च अधिकारियों को शिकायत भेजी गई है। ग्रामीणों का आरोप है कि पूर्व में गठित जांच समिति ने भी कोई ठोस कार्रवाई नहीं की। उपयंत्री द्वारा अधूरे कार्यों का भी फर्जी मूल्यांकन कर राशि आहरित कर ली गई है, जिसकी उच्च स्तरीय जांच की मांग की जा रही है।

### आमातारा पंचायत में लापरवाही की भेंट चढ़ी गौमाता, खुली नाली में गिरने से मौत

**मैहर।** ग्राम पंचायत आमातारा में सरपंच की घोर लापरवाही और भ्रष्टाचार का एक बड़ा मामला सामने आया है, जिसकी शिकार एक बेजुबान गौमाता हो गई। बताया जा रहा है कि ग्राम पंचायत के वार्ड क्रमांक 09 में ओम प्रकाश तिवारी के मकान से लेकर पीर मोहम्मद के मकान तक लगभग 300 मीटर सीसी सड़क और नाली का निर्माण जैसे-तैसे कराया गया था। आरोप है कि निर्माण के बाद नाली को ढकने की व्यवस्था नहीं की गई और शेष राशि का गबन कर लिया गया। इसी खुली नाली के कारण 10 जुलाई को शारदा बर्मन के घर के सामने एक गौमाता उसमें गिर गई और तड़प-तड़प कर उसकी मौत हो गई। इस घटना से स्थानीय ग्रामीणों में भारी आक्रोश है। मोहल्ले वासियों का कहना है कि आज नाली खुली होने के कारण गौमाता ने अपनी जान गंवाई है,यदि इसे समय रहते बंद नहीं कराया गया,तो मोहल्ले के छोटे-छोटे बच्चों के साथ भी कोई अप्रिय घटना घट सकती है।

# गड़ा में भूमि विवाद पर खूनी संघर्ष, तीन गंभीर घायल



**सतना।** तहसील रामपुर बघेलान के ग्राम पोस्ट गड़ा में भूमि विवाद को लेकर शुक्रवार शाम को एक जानलेवा हमले का मामला सामने आया है। पीड़ित पक्ष के अनुसार,अंकित सिंह,इंदरपाल सिंह और प्रदीप सिंह की निजी भूमि पर कुछ लोगों द्वारा अवैध कब्जा कर जबरन सड़क निर्माण का प्रयास किया जा रहा था। जब पीड़ितों ने इस अवैध निर्माण का विरोध किया,तो दूसरे पक्ष ने लाठी,टांगी और फावड़े जैसे घातक हथियारों से उन पर हमला कर दिया। पीड़ित परिवार का आरोप है कि हमलावरों में भाजपा नेता गीतेश्वर सिंह,चंद्रपाल सिंह,जगदीश सिंह,इंद्रजीत सिंह सहित करीब 10 अन्य लोग शामिल थे। इस हमले में अंकित सिंह के परिवार के तीन सदस्य गंभीर रूप से घायल हो गए,जिन्हें इलाज के लिए जिला अस्पताल सतना में भर्ती कराया गया है। पीड़ितों का कहना है कि पुलिस को सूचना देने के बाद भी रसूखदार राजनीतिक पदाधिकारी का नाम होने के कारण प्रभावी कार्रवाई नहीं की जा रही है। परिवार ने जिला प्रशासन और पुलिस अधीक्षक से निष्पक्ष जांच,सुरक्षा और न्याय की गुहार लगाई है। उन्होंने चेतावनी दी है कि यदि जल्द ही दोषियों पर कड़ी कानूनी कार्रवाई नहीं हुई,तो वे लोकतांत्रिक तरीके से आंदोलन करने को बाध्य होंगे।







## महाप्रबंधक के खिलाफ ठेकेदारों का हल्लाबोल, भ्रष्टाचार के गंभीर आरोप

**सतना।** प्रधानमंत्री ग्रामीण सड़क योजना के महाप्रबंधक उमेश कुमार साहू के खिलाफ ठेकेदारों का विरोध प्रदर्शन उग्र होता जा रहा है। भ्रष्टाचार और ब्लैकमेलिंग के गंभीर आरोपों को लेकर ठेकेदार पांचवें दिन भी कार्यालय के बाहर धरने पर बैठे रहे। इस बीच,विभाग के ही सब-इंजीनियर समेले द्वारा विभागीय भ्रष्टाचार को उजागर किए जाने से तथाकथित ईमानदार अधिकारियों की पोल खुल गई है। ठेकेदारों का आरोप है कि जिले में फैला यह 'सिस्टमैटिक भ्रष्टाचार' पूरी योजना को खोखला कर रहा है,जिससे अब सरकार की छवि भी धूमिल हो रही है। जांच दल के सामने अपनी पीड़ा रखते हुए एक ठेकेदार ने सनसनीखेज दावा किया कि महाप्रबंधक 5 से 7करोड़ रुपये से अधिक की रिश्वत लेने के बाद भी संतुष्ट नहीं हैं। अधिकारी का लालच इस हद तक बढ़ चुका है कि वह ठेकेदारों पर महिलाओं के गहने बेचकर भी घूस देने का दबाव बना रहा है। ठेकेदार ने कहा,हम चाहते तो उन्हें रंगे हाथों ट्रैप करा सकते थे,लेकिन हम गांधीवादी विचारधारा का पालन करते हुए केवल उन्हें यहाँ से हटाने की मांग कर रहे हैं। इस बड़े घोटाले और ठेकेदारों के आक्रोश के बावजूद,शासन-प्रशासन की चुप्पी कई सवाल खड़े कर रही है।

## नीट परीक्षा की गड़बड़ियों के खिलाफ कांग्रेस का अभियान

**मैहर।** अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी और मध्य प्रदेश कांग्रेस कमेटी के निर्देशानुसार,नीट परीक्षा में सामने आईं कथित अनियमितताओं और छात्रों के साथ हुए अन्याय को लेकर कांग्रेस ने प्रदेशव्यापी जनजागरण अभियान शुरू किया है। इसी सिलसिले में मैहर जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष धर्मेश घई ने एक प्रेस कॉन्फ्रेंस आयोजित कर सरकार को घेरा। धर्मेश घई ने सतना की एक घटना का विशेष उल्लेख किया, जहाँ महज दो मिनट की देरी के कारण एक छात्रा को परीक्षा केंद्र में प्रवेश नहीं दिया गया और वह सड़क पर अपने पिता से लिपटकर रोती रही। उन्होंने इस घटना को परीक्षा प्रणाली की संवेदनहीनता का प्रतीक बताया। ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष रमेश प्रजापति ने कहा कि युवाओं के भविष्य के साथ खिलवाड़ बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। कांग्रेस शिक्षा व्यवस्था में पारदर्शिता की मांग को लेकर जिला और ब्लॉक स्तर पर जनता,अभिभावकों और छात्रों से संवाद करेगी और आंदोलन को और तेज करेगी।इस दौरान बड़ी संख्या में कांग्रेस पदाधिकारी मौजूद रहे।

## एमपीपीएससी में सफलता पाकर रवि प्रकाश सोनी बने खनिज निरीक्षक,क्षेत्र का नाम किया रोशन



**मैहर।** क्षेत्र के होनहार युवा रवि प्रकाश सोनी (सुपुत्र सोमचंद सोनी) ने मध्य प्रदेश लोक सेवा आयोग की परीक्षा में शानदार सफलता हासिल की है। उनका चयन खनिज निरीक्षक के पद पर हुआ है। रवि प्रकाश की इस बड़ी उपलब्धि से उनके परिवार,समाज और पूरी स्मार्ट कॉलोनी में हर्ष का माहौल है। उन्होंने अपनी मेहनत और दृढ़ संकल्प से न केवल अपने माता-पिता का सिर ऊंचा किया है,बल्कि क्षेत्र को भी गौरवान्वित किया है। उनकी इस सफलता पर इष्ट मित्रों,परिजनों और स्थानीय नागरिकों ने उन्हें हार्दिक बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की है। कॉलोनी वासियों का कहना है कि रवि प्रकाश की यह सफलता क्षेत्र के अन्य युवाओं के लिए भी प्रेरणा का स्रोत बनेगी,जो यह संदेश देती है कि यदि आत्मविश्वास और निरंतर परिश्रम किया जाए,तो जीवन में किसी भी ऊंचे लक्ष्य को हासिल किया जा सकता है।

## स्कूली वाहनों पर ट्रैफिक पुलिस का शिकंजा: सघन चेकिंग कर जांचे दस्तावेज

### थाना प्रभारी पूनम रावत के नेतृत्व में ट्रैफिक अमले ने की कार्रवाई,नियमों की अनदेखी करने वालों में हड़कंप



**सतना।** स्कूली बच्चों की सुरक्षा को लेकर ट्रैफिक पुलिस पूरी तरह से मुस्तैद नजर आ रही है। इसी कड़ी में आज शहर के विभिन्न चौराहों पर ट्रैफिक पुलिस द्वारा स्कूली वाहनों के खिलाफ एक सघन चेकिंग अभियान चलाया गया। इस दौरान सड़कों पर दौड़ रहे स्कूली बसों,वैन और ऑटो को रोककर उनके संपूर्ण दस्तावेजों की बारीकी से जांच की गई। कार्यवाही के दौरान वाहनों के फिटनेस सर्टिफिकेट,परमिट, इंश्योरेंस,पॉल्यूशन सर्टिफिकेट और चालकों के ड्राइविंग लाइसेंस देखे गए। साथ ही वाहन चालकों को सुप्रीम कोर्ट की गाइडलाइंस का पालन करने और बच्चों की सुरक्षा में किसी भी तरह की लापरवाही न बरतने की सख्त हिदायत दी गई। जिन वाहनों में कमियां पाई गईं,उन पर चालानी कार्रवाई भी की गई। इस विशेष चेकिंग अभियान के दौरान मुख्य रूप से ट्रैफिक थाना प्रभारी पूनम रावत,सहायक उप निरीक्षक लाखन पंडा सहित भारी संख्या में ट्रैफिक पुलिस का स्टाफ मौजूद रहा। पुलिस की इस अचानक हुई कार्रवाई से नियम विरुद्ध वाहन दौड़ाने वाले चालकों में हड़कंप का माहौल देखा गया। यातायात पुलिस का कहना है कि बच्चों की सुरक्षा से कोई समझौता नहीं किया जाएगा और यह अभियान आगे भी लगातार जारी रहेगा।



## आरटीओ कार्यालय में प्राइवेट लड़कों के भरोसे चल रहा काम

**सतना।** क्षेत्रीय परिवहन कार्यालय इन दिनों विवादों के घेरे में है।सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार, आरटीओ ऑफिस में इस समय फिल्म 'पुष्पराज' की तर्ज पर एक बड़ा सिंडिकेट काम कर रहा है। इस पूरे खेल का मुख्य कर्ताधर्ता मालयान टैक्सी/शाखा प्रभारी को बताया जा रहा है। कार्यालय में तानाशाही का आलम यह है कि सरकारी कामकाज को निपटाने के लिए नियमों को ताक पर रखकर कई प्राइवेट लड़कों को रखा गया है।बताया जा रहा है कि ये प्राइवेट लड़के सीधे देवेंद्र चौधरी के इशारे पर काम करते हैं और अवैध गतिविधियों को बढ़ावा दे रहे हैं। हाल ही में जब मीडिया की टीम हकीकत जानने के लिए आरटीओ कार्यालय पहुंची,तो वहां हड़कंप मच गया और काम कर रहे प्राइवेट लड़के इधर-उधर भागकर गायब हो गए। सरकारी दफ्तर के भीतर इस तरह सरेआम चल रहीअंधेरगर्दी और बाहरी तत्वों का हस्तक्षेप आरटीओ प्रशासन की कार्यप्रणाली पर गंभीर सवाल खड़े करता है। इस मामले में अब उच्च स्तरीय जांच और सख्त कार्रवाई की मांग उठ रही है।

## बिजली विभाग की लापरवाही: पोल के स्टे-वायर में उतरा करंट, भैंस की मौत



**मैहर।** विद्युत विभाग की बड़ी लापरवाही के कारण मैहर-बरही मार्ग पर स्थित ग्राम सोनवारी के पास एक गरीब पशुपालक को भारी आर्थिक नुकसान उठाना पड़ा है। प्राप्त जानकारी के अनुसार,शाम लगभग 4 बजे बिजली के खंभे को सपोर्ट देने वाले लोहे के तार (स्टे-वायर) में अचानक तेज करंट आ गया। इसी दौरान वहाँ से गुजर रही एक दुधारू भैंस करंट की चपेट में आ गई और मौके पर ही उसकी तड़प-तड़प कर मौत हो गई। ग्रामीणों के अनुसार,यह घटना एक व्यस्त मार्ग और घनी आबादी के पास हुई है। गनीमत रही कि उस समय कोई इंसान या बच्चा उसकी चपेट में नहीं आया,अन्यथा बड़ा हादसा हो सकता था। इस घटना से पशुपालक को करीब 1 लाख रुपये का नुकसान हुआ है। ग्रामीणों ने बिजली विभाग के अधिकारियों से पीड़ित को उचित मुआवजा देने और क्षेत्र के जर्जर पोल व तारों को तुरंत दुरुस्त करने की मांग की है,चेतावनी दी है कि सुधार न होने पर उग्र आंदोलन किया जाएगा।

## मैहर में 16 जुलाई को निकलेगी भगवान जगन्नाथ की भव्य रथयात्रा



मैहर। वर्ष में एक बार आने वाले पावन अवसर पर भगवान श्री जगन्नाथ महाप्रभु अपने भक्तों के कल्याण हेतु नगर भ्रमण पर निकलेंगे। इस दिव्य रथयात्रा की भव्य और सुव्यवस्थित तैयारियों के लिए हिंदू पर्व समन्वय समिति के तत्वावधान में चंडी माता मंदिर,मैहर में द्वितीय बैठक संपन्न हुई। बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि भगवान श्री जगन्नाथ महाप्रभु की भव्य रथयात्रा आगामी 16 जुलाई 2026 को दोपहर 1:00 बजे बड़ा अखाड़ा,मैहर से प्रारंभ होकर नगर भ्रमण करेगी।इस बैठक में विभिन्न समाजों के प्रतिनिधियों ने हिस्सा लिया और आयोजन को ऐतिहासिक व सफल बनाने का संकल्प जताया। बैठक में अनुपम,देवेंद्र पाण्डेय,वंश गोपाल परौहा सहित बजरंग दल के जिला संयोजक शिव चौरसिया,गौ रक्षा प्रमुख रोहित चौरसिया और विश्व हिंदू परिषद के प्रखंड उपाध्यक्ष सतीश तिवारी विशेष रूप से उपस्थित रहे।समिति ने सभी श्रद्धालुओं से अधिक से अधिक संख्या में शामिल होकर पुण्य लाभ कमाने की अपील की है।

## गंदे पानी से बीमारी का खतरा, मध्य भारत मोर्चा ने की सीवर लाइन सुचारू करने की मांग



**सतना।** शहर की सीवर लाइन चौक हो जाने से जगह-जगह सड़कों पर गंदा पानी बह रहा है। मध्य भारत मोर्चा के जिला अध्यक्ष जसविंदर सिंह भाटिया बब्बल ने इस समस्या पर गहरी चिंता जताते हुए नगर निगम प्रशासन से तत्काल कदम उठाने की मांग की है। श्री भाटिया ने कहा कि सीवर लाइन के चौक हो जाने के कारण पूरे शहर में गंदा पानी सड़कों पर भर गया है। मानसून का समय चल रहा है और जिले में आए दिन बारिश हो रही है। सिविल लाइन प्रोजेक्ट के तहत खोदे गए चेंबर बारिश के पानी के कारण उफान पर आ जा रहे हैं। उन्होंने बताया कि सतना से मैहर बाईपास तक सीवर लाइन का काम चल रहा है। ठेकेदार की लापरवाही के कारण पाइपलाइन में मिट्टी और कचरा भर गया है, जिसकी वजह से लाइनें जाम हो गई हैं। इसकी तत्काल सफाई जरूरी है। जिलाध्यक्ष भाटिया ने नगर निगम प्रशासन से मांग की है कि शहर को गंदगी और बीमारियों से बचाने के लिए सीवर लाइन को शीघ्र सुचारू किया जाए और चौक पॉइंट्स की सफाई कराई जाए।

## जयस्तंभ चौक व्यापारी संघ के राकेश अध्यक्ष, धर्मेंद्र गोयल महामंत्री बने



**सतना।** जयस्तंभ चौक व्यापारी संघ की एक आवश्यक बैठक चुनाव को लेकर गणेश टॉवर में आयोजित हुई। बैठक में नवीन कार्यकारिणी को लेकर चर्चा उपरांत सर्वसम्मति से निर्विरोध कमेटी का चयन के साथ गठन किया गया,जिसमें अध्यक्ष राकेश अग्रवाल,महामंत्री धर्मेन्द्र गोयल,कोषाध्यक्ष संदीप जैन, वरिष्ठ उपाध्यक्ष प्रदीप खिलवानी,कनिष्ठ उपाध्यक्ष गौरव अग्रवाल,आशीष मोंगिया,मंत्री आशीष गुप्ता, सहमंत्री जीतेष कुमार,जनसम्पर्क अधिकारी रोहित छत्तानी,सांस्कृतिक प्रभारी राजेन्द्र गुप्ता शामिल है। वहीं आगामी बैठक में कार्यकारिणी सदस्यों का मनोनयन किए जाने का सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया। बैठक में आनंद अग्रवाल,बब्बु सिंधी,धीरज चौरसिया,मुकेश अग्रवाल,अनुराग गुप्ता,हसैन खान,रमेश अग्रवाल,दीपक खिलवानी,प्रीतू अग्रवाल सहित अन्य व्यापारी सदस्य उपस्थित रहे।

## कृपलापुर मेडिकल कॉलेज में खुला जिले का पहला 'जेन जेड' पोस्ट ऑफिस

### डाकघर का मुख्य पोस्ट मास्टर विनीत माथुर ने किया शुभारंभ



**सतना।** शहर के कृपलापुर में संचालित शासकीय मेडिकल कॉलेज में जिले का पहला अत्याधुनिक 'जेन जेड' पोस्ट ऑफिस शुरू हो गया है। इस नए और हाईटेक डाकघर का औपचारिक शुभारंभ भोपाल मंडल कार्यालय के मुख्य पोस्ट मास्टर विनीत माथुर द्वारा किया गया। इस खास मौके पर मेडिकल कॉलेज के डीन डॉ.शशिधर गर्ग और डाक घर अधीक्षक प्रदीप खरे सहित विभाग के कई वरिष्ठ अधिकारी और गणमान्य नागरिक मौजूद रहे। मेडिकल कॉलेज परिसर में बना यह डाकघर आम पोस्ट ऑफिसों से बिल्कुल अलग है। इसे 'जेन जेड' यानी आज की युवा पीढ़ी की जरूरतों और पसंद को ध्यान में रखकर बेहद आकर्षक व अत्याधुनिक तरीके से डिजाइन किया गया है। डिजिटल सेवाओं और आधुनिक सुविधाओं से लैस होने के कारण यहां आने वाले लोगों,विशेषकर मेडिकल छात्रों और स्टाफ को डाक संबंधी कार्यों में काफी सहूलियत होगी। यह जिला मुख्यालय का ऐसा पहला डाकघर है,जिसे नई तकनीक और मॉडर्न लुक के साथ स्थापित किया गया है,ताकि डाक सेवाओं को आज के दौर के मुताबिक सुलभ बनाया जा सके।

## जंगल में चरने गई भैंसों पर बाघ का हमला, घायल अवस्था में लौटीं घर



**सतना।** वन परिक्षेत्र बरौंधा के अंतर्गत बीट जवारिन के जंगल में बाघ के हमले से हड़कंप मच गया। जानकारी के अनुसार, जवारिन निवासी छोटेलाल यादव की तीन भैंसें जंगल में चरने गई थीं। इसी दौरान एक बाघ ने उन पर अचानक हमला कर दिया। बाघ के इस हमले में तीनों भैंसें गंभीर रूप से घायल हो गईं। घटना के बाद घायल अवस्था में किसी तरह भैंसें वापस अपने घर पहुंचीं। उनके शरीर पर कई जगह बाघ के दांत और नाखूनों के गहरे चोंट के निशान हैं। इस घटना के बाद से स्थानीय ग्रामीणों और पशुपालकों में दहशत का माहौल है।

**नाम सुधार सूचना**

मैं अरुण निगम उम्र 53 साल पिता स्व. श्री प्रेम बाबू निगम निवासी जवाहर नगर गली नं 07 जिला सतना म.प्र. की निवासी होकर शपथपूर्वक कथन करता हूँ कि मैं उपरोक्त पते की निवासी हूं। मुझे पहले अरूण कुमार निगम के नाम से जाना जाता था और अब मुझे अरूण निगम के नाम से जाना जाता है। उपरोक्त दोनो नाम मेरे ही हैं। अरूण कुमार निगम एवं अरूण निगम यह दोनों नाम एक ही व्यक्ति अर्थात मेरे ही है। यदि उक्त दोनो नाम की वजह से भविष्य में कोई परेशानी होती है तो संपूर्ण जवाबदारी मेरी होगी। जिस संबंध में यह शपथपत्र प्रस्तुत कर रहा हूं। जिससे भविष्य में कोई परेशानी न हो। मेरे द्वारा दी गई जानकारी सही व सत्य है।

शपथकर्ता

# विवाह कराने के नाम पर 2 लाख की ठगी करने वाले गिरोह का पर्दाफाश मुख्य आरोपी सहित दुल्हन की मां का किरदार निभाने वाली महिला गिरफ्तार

## मुख्य आरोपी से ठगी की पूरी राशि 2 लाख बरामद, मामले में तीन आरोपियों कि की गई गिरफ्तारी



**पन्ना।** पुलिस अधीक्षक पन्ना श्रीमती निवेदिता नायडू के निर्देशन एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक पन्ना सुश्री वंदना चौहान तथा अनुविभागीय अधिकारी पुलिस गुनौर श्री राजीव सिंह भदौरिया के मार्गदर्शन में थाना अमानगंज के अपराध क्रमांक 370/26 में पुलिस टीम द्वारा विवाह कराने के नाम पर धोखाधड़ी करने वाले गिरोह के विरुद्ध प्रभावी कार्रवाई करते हुए तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर ठगी गई पूरी राशि 2 लाख नगद बरामद करने में सफलता प्राप्त की गई है। मामले में दिनांक 26.06.2026 को फरियादी केतार राजपूत पिता दयाराम राजपूत, उम्र 35 वर्ष, निवासी ग्राम मुकेहा द्वारा थाना अमानगंज में रिपोर्ट दर्ज कराई गई कि आरोपियों द्वारा विवाह कराने का झांसा देकर उससे नगद 2,00,000 लेकर धोखाधड़ी की गई। फरियादी की रिपोर्ट पर थाना अमानगंज में अपराध क्रमांक 370/2026 धारा 318(4) बीएनएस के तहत अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना प्रारंभ की गई। मामले की जानकारी थाना प्रभारी अमानगंज उनि रवि सिंह जादौन द्वारा वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों को दी गई। जिसपर पुलिस अधीक्षक पन्ना के निर्देशन मे विवेचना के दौरान एक आरोपिया (दुल्हन) को गिरफ्तार कर न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया गया। इसके उपरांत मामले के फरार मुख्य आरोपी, जिसने अपनी पहचान छिपाकर फर्जी नाम का उपयोग कर फरियादी की शादी तय कराई थी, धीरज पिता कटोरी कुर्मी निवासी कनेरा गॉड को दिनांक 09.07.2026 को थाना जैसीनगर, जिला सागर क्षेत्र से गिरफ्तार किया गया। आरोपी के कब्जे से धोखाधड़ी की गई 2,00,000 नगद राशि बरामद कर विधिवत जप्त की गई। मामले में संलिप्त एक अन्य सह-आरोपिया, जो पीड़ति को विश्वास में लेने के उद्देश्य से दुल्हन की मां का किरदार निभाती थी, को दिनांक 10.07.2026 को जिला जबलपुर से गिरफ्तार किया गया। पुलिस की सतर्क एवं प्रभावी विवेचना से विवाह के नाम पर ठगी करने वाले इस गिरोह का पर्दाफाश हुआ तथा फरियादी से ठगी गई संपूर्ण राशि बरामद कर ली गई है। मामले में अन्य पहलुओं की विवेचना जारी है।

### सराहनीय योगदान-

उक्त कार्यवाही मे थाना प्रभारी अमानगंज उनि रवि सिंह जादौन, चौकी प्रभारी महेबा उप निरीक्षक रजनी समाधिया, प्र. आर. आशुतोष तिवारी तथा साइबर सेल से टीम पन्ना की महत्वपूर्ण भूमिका रही। पुलिस अधीक्षक पन्ना द्वारा टीम की सराहना करते हुए उनके उत्कृष्ट कार्य की प्रशंसा की गई।

## खबर संक्षेप



### गरीब विद्यार्थियों को पुस्तकें भेंट कर शिक्षा के प्रति किया जागरूक

**पन्ना।** जिला अंबेडकर समिति के अध्यक्ष डॉ. जितेंद्र सिंह जाटव द्वारा शासकीय विद्यालय कल्याणपुर में अध्ययनरत विद्यार्थियों को पुस्तकों का वितरण किया गया तथा उन्हें शिक्षा के महत्व के प्रति जागरूक किया गया। इस अवसर पर डॉ. जितेंद्र सिंह जाटव ने विद्यार्थियों से कहा कि शिक्षा ही समाज और राष्ट्र की उन्नति का सबसे प्रभावी माध्यम है। उन्होंने बच्चों को नियमित अध्ययन करने, अनुशासन का पालन करने तथा अपने उज्ज्वल भविष्य के निर्माण के लिए निरंतर प्रयासरत रहने की प्रेरणा दी। डॉ. जितेंद्र सिंह जाटव लंबे समय से आर्थिक रूप से कमजोर एवं जरूरतमंद छात्र-छात्राओं को शिक्षा से जोड़ने के उद्देश्य से उनकी आर्थिक सहायता एवं शैक्षणिक सामग्री उपलब्ध कराते रहे हैं। उन्होंने कहा कि कोई भी बच्चा आर्थिक अभाव के कारण शिक्षा से वंचित न रहे, इसके लिए समाज के सभी लोगों को आगे आना चाहिए। कार्यक्रम में विद्यालय की प्रधानाध्यापिका उमा खरे, शिक्षक बृजकिशोर पाठक तथा समाजसेवी रामबिहारी गोस्वामी सहित विद्यालय परिवार के सदस्य उपस्थित रहे। सभी ने इस पहल की सराहना करते हुए इसे विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य के लिए प्रेरणादायी बताया।

### शराब के नशे में युवक ने पेड़ पर लगाई फांसी, मौत से परिवार में मातम



**अमानगंज।** थाना अमानगंज क्षेत्र के तारा नई बस्ती में एक 28 वर्षीय युवक ने कथित तौर पर पेड़ पर फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। घटना से परिवार में शोक की लहर दौड़ गई। पुलिस के अनुसार, मृतक की पहचान प्रेमलाल आदिवासी (28) निवासी हरटूडाड़े, थाना मड़यिादौ, जिला दमोह के रूप में हुई है। वह पिछले करीब दो माह से अपनी पत्नी और बच्चों के साथ तारा नई बस्ती में अपने रिश्तेदार के यहां रहकर एक मकान निर्माण का ठेका लेकर काम कर रहा था। रिपोर्ट के मुताबिक, 9 जुलाई को प्रेमलाल सुबह से शराब के नशे में था और अपने घर जाने की बात कहकर दोपहर करीब 12 बजे पैदल तारा की ओर निकल गया। शाम करीब 4 बजे मोहल्ले के बच्चों ने एक व्यक्ति के पेड़ पर लटके होने की सूचना दी। परिजन मौके पर पहुंचे और उसे नीचे उतारा, लेकिन तब तक उसकी मौत हो चुकी थी। घटना की सूचना पर पुलिस ने मर्ग कायम कर शव को अस्पताल पहुंचाया तथा पंचनामा कार्रवाई के बाद मामले की जांच शुरू कर दी है। प्रारंभिक जानकारी के अनुसार, मृतक द्वारा शराब के नशे में फांसी लगाने की आशंका जताई गई है। पुलिस सभी पहलुओं की जांच कर रही है।

## सिमरिया थाना क्षेत्र में जमीनी विवाद को लेकर जान से मारने की नीयत से हमला करने वाले 3 आरोपियों को किया गिरफ्तार




**पन्ना।** पुलिस अधीक्षक पन्ना श्रीमती निवेदिता नायडू के निर्देशन एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक पन्ना सुश्री वंदना चौहान व अनुविभागीय अधिकारी पुलिस पवई श्रीमती भावना दांगी के मार्गदर्शन में थाना सिमरिया के अपराध क्रमांक 183/2026 में धारा 296, 115(2), 109(1), 3(5), 238 बीएनएस में पुलिस टीम द्वारा मामले में संलिप्त 03 आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है। प्रकरण में फरियादी सुनील उपाध्याय निवासी ग्राम कुंवरपुर थाना सिमरिया द्वारा रिपोर्ट की गई कि दिनांक 07 मई 2026 को शाम लगभग 03रू30 बजे उनके पिता सत्यनारायण उपाध्याय द्वारा अपने हिस्से की जमीन की माँग करने पर तीनो आरोपियों द्वारा एकराय होकर गाली-गलौज की गई पिताजी द्वारा मना किये जाने पर उक्त आरोपियों द्वारा जान से मारने की नीयत से लाठी एवं फरसा से हमला कर गंभीर चोटें पहुंचाईं । रिपोर्ट पर से मामले में आरोपियों के विरूद्ध थाना सिमरिया में अप.क्र. 183/26 कायम किया जाकर विवेचना में लिया गया। मामले की जानकारी थाना प्रभारी सिमरिया निरीक्षक माधवी अग्निहोत्री द्वारा वरिष्ठ पुलिस अधिकारियो को दी गई । पुलिस अधीक्षक पन्ना द्वारा मामले को गंभीरता से लिया जाकर मामले में थाना प्रभारी सिमरिया एवं चौकी प्रभारी मोहन्द्रा उनि दीपक सिंह भदौरिया के नेतृत्व में पुलिस टीम का गठन किया गया । पुलिस अधीक्षक पन्ना द्वारा उपरोक्त पुलिस टीम को मामले से संबंधित आरोपियों को गिरफ्तार किये जाने हेतु निर्देशित किया गया । पुलिस अधीक्षक पन्ना के निर्देशानुसार पुलिस टीम द्वारा आरोपियों की तलाश पतारसी हेतु संभावित प्रयास किये गये । आरोपियों की गिरफ्तारी हेतु गठित पुलिस टीम द्वारा अपने मुखबिर तंत्र को सक्रिय किया गया जिसके फलस्वरूप मुखबिर द्वारा सूचना दी गई कि मामले के आरोपी कस्बा मोहन्द्रा में खड़े हैं । मुखबिर सूचना के आधार पर पुलिस टीम द्वारा तत्काल कस्बा मोहन्द्रा से उक्त आरोपियों को गिरफ्तार किया गया ।

## किसान के बेटे मनीष ने एम पी एस आई परीक्षा में मारी बाजी, सामान्य वर्ग में दूसरी और ओबीसी में पाई पहली रैंक



**गुनौर।** जिले के एक छोटे से गांव निवाहरी (लंगड़ टोला) के रहने वाले 24 वर्षीय मनीष ने अपनी कड़ी मेहनत और अटूट लगन के दम पर मध्य प्रदेश पुलिस सब-इंस्पेक्टर भर्ती परीक्षा में ऐतिहासिक सफलता हासिल की है। मनीष ने इस परीक्षा में सामान्य वर्ग में पूरे प्रदेश में दूसरी रैंक और ओबीसी वर्ग में पहली रैंक प्राप्त कर पूरे क्षेत्र का नाम रोशन किया है। इस बड़ी उपलब्धि के बाद आज शुक्रवार 10 जुलाई को मनीष के घर और पूरे पन्ना जिले में जश्न का माहौल है। ग्रामीणों और परिजनों द्वारा मनीष का मुंह मीठा कराकर बधाई देने वालों का तांता लगा हुआ है।

**परिणाम देखकर खुद हैरान रह गया मनीष**

मनीष ने बताया कि मुख्य परीक्षा में अच्छे अंक होने के कारण उन्हें चयन की उम्मीद तो थी, लेकिन प्रदेश स्तर पर इतनी बड़ी रैंक आएगी, इसकी कल्पना उन्होंने भी नहीं की थी। मनीष ने कहा जब मैंने देखा कि मेरी ऑल इंडिया/स्टेट रैंक सेकंड आई है, तो मुझे एक पल के लिए विश्वास ही नहीं हुआ। मैं पूरी तरह सरप्राइज्ड था और कुछ देर के लिए थम सा गया था। यह मेरे और मेरे पूरे परिवार के लिए किसी चमत्कार से कम नहीं है।
मनीष ने साल 2022 में अपनी ग्रेजुएशन पूरी की थी, जिसके बाद वे तैयारी के लिए भोपाल चले गए। पिछले साल से उन्होंने पुलिस सब-प्देचमबजवत की तैयारी पर पूरा फोकस किया। अपनी रणनीति साझा करते हुए मनीष ने बताया कि उन्होंने सिलेबस को यूनिट-बाय-यूनिट कवर किया और पुराने प्रश्न पत्रों पर विशेष ध्यान दिया। उन्होंने इतिहास, राजनीति, गणित, रीजनिंग, हिंदी, अंग्रेजी, इंटरनल सिक्योरिटी और एमपी जीके जैसे बुनियादी विषयों को गहराई से मजबूत किया।

### साधारण किसान परिवार से है नाता, मिला पूरे कुनबे का साथ

मनीष एक बेहद साधारण और मध्यमवर्गीय कृषक परिवार से आते हैं। उनके पिता एक छोटे किसान हैं। सीमित संसाधनों के बावजूद मनीष की पढ़ाई में कभी कोई रुकावट नहीं आई। मनीष ने अपनी सफलता का पूरा श्रेय अपने संयुक्त परिवार को देते हुए कहा मेरे माता-पिता के साथ-साथ मेरे दादा-दादी और चाचा-चाची ने मुझे हमेशा सपोर्ट किया। उन्होंने मुझे कभी किसी कमी या पारिवारिक समस्या का अहसास नहीं होने दिया। आज उन्हीं के प्रोत्साहन की वजह से मैं इस मुकाम पर पहुंच सका हूं।

### क्षेत्र के युवाओं के लिए संदेश, खुद पर विश्वास रखें और निरंतरता बनाए रखें

गांव और जिले के युवाओं को प्रेरित करते हुए मनीष ने कहा कि अगर लक्ष्य स्पष्ट हो और मेहनत ईमानदारी से की जाए, तो सफलता निश्चित है। उन्होंने युवाओं से कहा दूसरों की बातों में आने के बजाय अपने सिलेबस और तैयारी पर फोकस रखें। अगर आप एक-दो बार असफल भी हो जाते हैं, तो खुद को किसी से कम न समझें। अपनी कमियों को पहचानें, उन्हें सुधारें और निरंतर प्रयास करते रहें। मनीष की इस असाधारण सफलता पर क्षेत्र के जनप्रतिनिधियों, समाजसेवियों, गुरुजनों और ग्रामीणों ने उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की है। मनीष अब पुलिस अधिकारी बनकर पूरी निष्ठा के साथ समाज की सेवा करने के लिए तैयार हैं।

## गुन्नू सागर तालाब में दर्दनाक हादसा, मुरार (सिंगाड़े) उखाड़ते समय युवक की डूबने से मौत



**गुनौर।** गुनौर नगर के वार्ड क्रमांक 11 निवासी 27 वर्षीय राजू रेक्रवार, पिता अजय रेक्रवार, की गुन्नू सागर तालाब में मुरार (सिंगाड़े) उखाड़ते समय डूबने से दर्दनाक मौत हो गई। प्राप्त जानकारी के अनुसार, राजू रेक्रवार सुक्रवार को गुन्नू सागर तालाब में मुरार (सिंगाड़े) उखाड़ने का कार्य कर रहे थे। इसी दौरान अचानक डूब गए। घटना की जानकारी मिलते ही आसपास मौजूद लोगों ने उन्हें बचाने का प्रयास किया, लेकिन तब तक काफी देर हो चुकी थी। घटना की सूचना मिलते ही स्थानीय प्रशासन और पुलिस मौके पर पहुंची। युवक के शव को बाहर निकालकर पंचनामा कार्रवाई के बाद पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया। इस दर्दनाक हादसे से पूरे क्षेत्र में शोक की लहर है। परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

## तेज रफ्तार मारुति वैन ने बाइक सवार को मारी टक्कर, चालक फरार

### घायल युवक की शिकायत पर आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज

**अमानगंज।** थाना क्षेत्र में शुक्रवार दोपहर तेज रफ्तार मारुति वैन की टक्कर से एक बाइक सवार युवक घायल हो गया। घटना के बाद चालक वाहन लेकर मौके से फरार हो गया। पुलिस ने पीड़ति की शिकायत पर आरोपी चालक के विरुद्ध मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस के अनुसार ग्राम द्वारी निवासी रविन्द्र दहायत (23), जो द्वारी पेट्रोल पंप पर कार्यरत है, शुक्रवार दोपहर करीब 1रू30 बजे खेत से मोटरसाइकिल से घर लौट रहा था। जैसे ही वह कैप्टन ढाबा के सामने पहुंचा, अमानगंज की ओर से तेज रफ्तार एवं लापरवाही से आ रही सफेद रंग की मारुति वैन (क्रमांक डच-1र्5 ब-1810) ने उसकी मोटरसाइकिल को जोरदार टक्कर मार दी। हादसे में रविन्द्र सड़क पर गिर गया, जिससे उसके सिर के दाहिने हिस्से, बाएं घुटने तथा दाहिने पैर के पंजे में चोटें आईं। दुर्घटना में उसकी मोटरसाइकिल भी क्षतिग्रस्त हो गई। पीड़ति का आरोप है कि वाहन चालक बिना रुके तेज गति से पन्ना की ओर भाग निकला। उसने चालक की पहचान विक्रमपुर निवासी ओमकार राजा के रूप में की है। घायल ने अपने साथियों मारू विश्वकर्मा एवं रिपी खरे को फोन कर बुलाया, जिन्होंने उसे उपचार के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र अमानगंज पहुंचाया। थाना अमानगंज पुलिस ने फरियादी की रिपोर्ट पर आरोपी के विरुद्ध भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की धारा 281, 125(ए) तथा मोटरयान अधिनियम की धारा 184 के तहत प्रकरण दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी है।

## वर्धमान पब्लिक स्कूल के नन्हे विद्यार्थियों ने जाना अस्पताल का महत्व, सीबीएमओ डॉ. अभिषेक जैन के निर्देशन में किया शैक्षिक



**देवेन्द्रनगर।** वर्धमान पब्लिक स्कूल के विद्यार्थियों का पहला शैक्षिक भ्रमण सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, देवेंद्र नगर में आयोजित किया गया। इस अवसर पर सीबीएमओ डॉ. अभिषेक जैन के निर्देशन में बच्चों को अस्पताल की कार्यप्रणाली से परिचित कराया गया। भ्रमण के दौरान विद्यार्थियों ने ओपीडी, आईपीडी, ब्लड सैंपलिंग लैब तथा ऑपरेशन थिएटर का अवलोकन किया और जाना कि अस्पताल में मरीजों का उपचार किस प्रकार किया जाता है। डॉक्टरों एवं स्वास्थ्य कर्मियों ने बच्चों को सरल भाषा में विभिन्न विभागों की जानकारी दी। नन्हे-मुन्ने बच्चों ने डॉक्टरों से कई मासूम सवाल पूछे, जिनका उन्होंने बड़े ही स्नेहपूर्वक और रोचक ढंग से उत्तर दिया। इस शैक्षिक भ्रमण से बच्चों में स्वास्थ्य सेवाओं के प्रति जागरूकता बढ़ी और अस्पताल के महत्व को समझने का अवसर मिला। विद्यालय प्रबंधन ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के समस्त चिकित्सकों एवं स्वास्थ्य कर्मचारियों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि इस प्रकार के शैक्षिक भ्रमण बच्चों के व्यावहारिक ज्ञान को बढ़ाने में अत्यंत उपयोगी होते हैं।

## आठ दिन से चल रहा चिता आंदोलन को लेकर प्रशासन ने पहुंचकर एक बार फिर जानी हकीकत आखिर क्या है!





**पन्ना।** केन-बेतवा लिंक परियोजना, मझगांय, रूंझ, नेगुवा तथा अन्य परियोजनाओं से प्रभावित परिवारों का श्चिता आंदोलन आज आठवें दिन भी जारी रहा। आंदोलन का दायरा बढ़ाते हुए ग्रामीणों ने आज मिट्टी सत्याग्रह के चौथे और जल सत्याग्रह के तीसरे दिन के साथ आज से श्फांसी सत्याग्रहश भी शुरू कर दिया है। आठ दिनों के निरंतर संघर्ष के बाद आखिरकार पन्ना और छतरपुर जिला प्रशासन के अधिकारी आंदोलन स्थल पर पहुंचे। हालांकि, आंदोलनकारियो ने प्रशासन की संवेदनहीनता पर गहरी नाराजगी व्यक्त की है। प्रशासन से बातचीत आंदोलन का नेतृत्व कर रहे अमित भटनागर ने प्रशासन के सामने अपना पक्ष रखा। उन्होंने स्पष्ट किया कि जिन लोगों को अभी तक मुआवजा नहीं मिला है, उनकी जमीनें और मकान सरकार कैसे अधिग्रहित कर सकती है। कानूनी आधाररू भटनागर ने भू-अर्जन कानून 2013 का हवाला देते हुए बताया कि कानून की धारा 38(1) और 38(2) के तहत, जब तक प्रभावित व्यक्ति को पूर्ण मुआवजा न मिल जाए, तब तक प्रशासन जमीन का अधिग्रहण नहीं कर सकता। प्रशासनिक लापरवाही ग्रामीणों और सामाजिक कार्यकर्ताओं ने प्रशासन द्वारा कानून का पालन न करने पर कड़ा एतराज जताया। आंदोलनकारियों ने सवाल किया कि यदि प्रशासन स्वयं अपने द्वारा बनाए गए कानूनों का पालन नहीं करेगा, तो जनता न्याय के लिए किसके पास जाएगी? अनशन पर चिंतारू आंदोलनकारी अमित भटनागर का आमरण अनशन 5वें दिन भी जारी है। गौरतलबबात यह है कि बांदोलन को लेकर जहां तहसीलदार अजयगढ़ से जाना गया वास्तविकता क्या है तो यह पता चला कि ओदालन के हालात को लेकर अधिकारियों ने रूबरू होकर जाना जहां सर्वे आदि में शिकायत के मामले जिनका निराकरण आवेदन के बाद सर्वे के दौरान जांच परख की जाती है यह बात बताई जा रही है वहीं प्रशासनिक अधिकारियों के ऊपर जो शासन स्तर की कार्यवाही है वह अलग विषय है मामला चाहे जो हो पर केन बेतवा लिंक परियोजना को लेकर अभी भी चिता आंदोलन चर्चा में।

## दो माह बाद भी नहीं भरे गड्ढे, पूर्व विधायक शिवदयाल बागरी ने पीएमजीएसवाई पर उठाए सवाल



**देवेंद्रनगर।** गुनौर के पूर्व विधायक शिवदयाल बागरी ने देवेंद्रनगर से ककरहटी जाने वाले प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना (च्डळैल) के अंतर्गत निर्मित मार्ग की जर्जर स्थिति को लेकर प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के अधिकारियों पर गंभीर सवाल उठाए हैं। उन्होंने कहा कि यह सड़क पूरी तरह गड्ढों में तब्दील हो चुकी है, जिससे आए दिन सड़क दुर्घटनाएं हो रही हैं और आम लोगों को आवागमन में भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। पूर्व विधायक बागरी ने बताया कि लगभग दो माह पूर्व उन्होंने प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के जीएम से मुलाकात कर सड़क की बदहाल स्थिति से अवगत कराया था तथा तत्काल मरम्मत कराने की मांग की थी। इसके बावजूद आज तक न तो सड़क के गड्ढों की मरम्मत कराई गई और न ही विभाग की ओर से कोई ठोस कार्रवाई की गई। उन्होंने कहा कि जब जनता की समस्याओं को लेकर जिम्मेदार अधिकारियों को अवगत कराने के बाद भी कोई कार्रवाई नहीं होती, तो सवाल उठना स्वाभाविक है कि आखिर इसकी जिम्मेदारी कौन लेगा। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि जल्द ही सड़क की मरम्मत नहीं कराई गई तो वह भोपाल स्तर तक पत्राचार करेंगे और जनता के हित में जो भी आवश्यक कदम होंगे, उन्हें उठाया जाएगा। पूर्व विधायक ने प्रशासन से मांग की है कि दुर्घटनाओं को रोकने और लोगों को सुरक्षित आवागमन उपलब्ध कराने के लिए देवेंद्रनगरदृककरहटी मार्ग की तत्काल मरम्मत कराई।

## जिला अस्पताल में कांग्रेस का औचक निरीक्षण

### आईसीयू में टपकता मिला पानी, अव्यवस्थाओं पर जताई नाराजगी



**पन्ना।** जिला कांग्रेस अध्यक्ष अनीश खान के नेतृत्व में कांग्रेस के प्रतिनिधिमंडल ने जिला चिकित्सालय का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान आईसीयू वार्ड की छत से पानी टपकता मिला। इसके अलावा अस्पताल में कई अन्य अव्यवस्थाएं भी सामने आईं। प्रतिनिधिमंडल ने एक डॉक्टर पर मरीज से पैसे लेने की शिकायत को लेकर भी कड़ी नाराजगी जताई और निष्पक्ष जांच कर दोषियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की। निरीक्षण के बाद कांग्रेस प्रतिनिधिमंडल ने सिविल सर्जन डॉ. आलोक गुप्ता एवं सीएमएचओ से मुलाकात कर अस्पताल की व्यवस्थाओं में जल्द सुधार करने की मांग की। कांग्रेस नेताओं ने कहा कि मरीजों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराना प्रशासन की प्राथमिक जिम्मेदारी है। कांग्रेस ने चेतावनी दी कि यदि जिला चिकित्सालय की अव्यवस्थाओं को शीघ्र दूर नहीं किया गया तो पार्टी जनआंदोलन करेगी। इस दौरान पूर्व विधायक श्रीकांत दुबे सहित, पुरुषोत्तम जड़यिा, राज बहादुर पटेल,श्रीमती रमा बुंदेला, श्रीमती आस्था तिवारी, राकेश शर्मा, अंकित शर्मा मार्तंड देव बुंदेला, डॉ कदीर खान, सुरेन्द्र सिंह, अरविंद सोनी, केदार त्रिपाठी,हिमांशु सिंह कांग्रेस के कई पदाधिकारी और कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# बिजावर एवं गौरिहार बीएमओ को कारण बताओ नोटिस, डिलेवरी अपडेशन में नौगांव, ईशानगर बीएमओ की वेतन वृद्धि रोकने के निर्देश

## टीकाकरण की एण्ट्री में लापरवाही पर बीएमओ लवकुशनगर को शोकॉज, बीपीएम की वेतन रोकने के निर्देश



**छतरपुर।** कलेक्टर पार्थ जैसवाल ने जिला पंचायत सभाकक्ष में जिला स्वास्थ्य समिति एवं महिला बाल विकास विभाग के कार्यों की संयुक्त रूप से समीक्षा की। बैठक में सीएमएचओ डॉ. आर.पी. गुप्ता, डीपीओ, सीडीपीओ, सिविल सर्जन, डीपीएम, बीपीएम एवं डॉक्टर्स उपस्थित रहे। कलेक्टर जैसवाल ने गर्भवती महिलाओं के पंजीयन एवं चिन्हांकन में लापरवाही करने पर कुपी एवं देवरा एएनएम के विरूद्ध अनुशासनात्मक एक्शन लेने के सीएमएचओ को निर्देश दिए। उन्होंने मेटरनल हेल्थ की समीक्षा करते हुए हाईरिस्क महिलाओं का मेनेजमेंट नहीं करने पर बिजावर एवं गौरिहार बीएमओ को कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश दिए। वहीं बिजावर बीएमओ से पीआईएच मेनेजमेंट 71 प्रतिशत होने पर लिखित जवाब प्रस्तुत करने को कहा। सीडीपीओ छतरपुर व राजनगर को एचआरपी महिलाओं को लगने वाले कैंप में लाने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने डिलेवरी अपडेशन नहीं होने पर नौगांव, ईशानगर बीएमओ की वेतन वृद्धि रोकने के निर्देश दिए।

कलेक्टर ने मेटरनल डेथ की समीक्षा करते हुए महिला बाल विकास के अधिकारियों को निर्देश दिए कि तीन महीने में कितनी महिलाएं गर्भवती हुई और कितनों की डिलेवरी हुई। उन्होंने मैदानी अमला एएनएम, आशाओं आंगनवाड़ी कार्यकर्ता को हाई रिस्क महिलाओं को पीएचसी सीएचसी लाने में सहयोग करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने बीएमओ को निर्देश दिए जिले के डिलेवरी प्वांइट पर सभी एचआरपी लिस्ट को डिलेवरी के 15 दिन पहले ही उपलब्ध कराएं और इन सभी महिलाओं की मॉनिटरिंग करें हाल चाल जाने। उन्होंने इस कार्य में सीडीपीओ को भी सहयोग करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने निर्देश दिए कि महिला की प्रथम डिलेवरी के बाद जिन आशाओं उनके घर विजिट नहीं किया तो उन पर कार्यवाही करें। यूविन पोर्टल में टीकाकरण की 39 प्रतिशत ही एण्ट्री होने पर कलेक्टर ने बीएमओ लवकुशनगर को नोटिस एवं बीपीएम की वेतन रोकने और लिखित जवाब भेजने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि टीकाकरण के दिन 1 साल तक सभी बच्चों को टीकाकरण के लिए लाए और इस कार्य में सीडीपीओ सहयोग करें। कलेक्टर ने यूविन पोर्टल पर 21 सेशन जिसमें बकस्वाहा के 7, नौगांव के 4, बिजावर के 5 एवं 2-2 राजनगर बड़ामलहरा एवं 1 गौरिहार की शून्य एण्ट्री होने पर संबंधित एएनएम, आंगनबाड़ी एवं आशा कार्यकर्ताओं को कारण बताओ नोटिस जारी करने के नर्देश दिए।

**बकस्वाहा बीसीएम, छतरपुर एपीएम को शॉकोज, नौगांव छतरपुर टीबी ऑफिसर की 15 दिन की वेतन काटने के निर्देश -**

18 में से मात्र 7 चाइल्ड डेथ का रिव्यू करने पर बकस्वाहा बीसीएम को कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने एनसीडी स्क्रीनिंग 42 प्रतिशत ही होने पर एपीएम छतरपुर को कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश दिए। टीबी प्रोग्राम की समीक्षा करते हुए नौगांव, छतरपुर शहरी में कम स्क्रीनिंग, निःक्षय अभियान में लापरवाही पर दोनों जगह के टीबी ऑफिसर का 15-15 दिन का वेतन काटने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने टीबी प्रेवेंनटेड थेरेपी एवं पेशेंटो को मिलने वाली राशि की समीक्षा करते हुए बीएमओ को निर्देश दिए कि ऑनट्रीटमेंट के दौरान फेस ऑर्थेटिकेशन कराएं ताकि राशि का भुगतान शीघ्र हो सके।

**हरपालपुर के डॉक्टर की संविदा समाप्ति के निर्देश, देवरा एसएमओ पर कार्यवाही प्रस्तावित के निर्देश -**

कलेक्टर ने एमएलसी में लापरवाही में स्वास्थ्य केन्द्र मातगुवां, महाराजपुर डॉक्टर एवं बकस्वाहा, लवकुशनगर, बिजावर के बीएमओ की 2 दिन की वेतन काटने के निर्देश दिए। इसके अलावा स्वास्थ्य केन्द्र में नहीं आने और अन्य शिकायतें मिलने पर हरपालपुर डॉ. विष्णु प्रकाश मिश्रा की संविदा समाप्ति एवं देवरा एसएमओ डॉ. नीलम गुप्ता के विरूद्ध कार्यवाही प्रस्तावित करने के निर्देश दिए।

**बड़ामलहरा व बकस्वाहा सीडीपीओ को नोटिस, बच्चों के पंजीयन में लापरवाही -**

कलेक्टर ने सेम मेम बच्चों की समीक्षा के दौरान कहा जहा एमोक्सिनसिलिन नहीं है तत्काल भेजें और टीकाकरण के दौरान एएनएम बच्चों को वजन के हिसाब से दें। उन्होंने बीएमओ को निर्देश दिए कि जिन वीएचएनडी पर एमोक्सिटसिलिन नहीं है वहां तत्काल पहुचाएं। सेम मेम बच्चों के पंजीयन में लापरवाही पर कलेक्टर ने बड़ामलहरा एवं बकस्वाहा सीडीपीओ को कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने सभी ब्लॉकों में ब्लड कैंप लगाने के लिए बीएमओ को प्लान करने के निर्देश दिए।

**कलेक्टर ने मेटरनल डेथ मामलों में परिजन सहित फील्ड स्टाफ को बुलाने के निर्देश दिए -**

कलेक्टर ने जननी सुरक्षा योजना सहित डिलेवरी उपरांत मिलने वाली अन्य राशि के लंबित भुगतान को क्लियर करने के निर्देश दिए। दस्तक अभियान सह स्टॉप डायरिया कैंपेन 2026 दिनांक 14 जुलाई से 31 अगस्त तक चलाया जाएगा। इस दौरान एएनएम आशा कार्यकर्ता एवं आंगनबाड़ी कार्यकर्ता के संयुक्त दल द्वारा 5 वर्ष की आयु वाले बच्चों को घर-घर जाकर चिन्हित स्वास्थ्य सेवाएं प्रदाय की जाएगी। इस संबंध में कलेक्टर ने आवश्यक निर्देश दिए। जिसके संबंध में आवश्यक निर्देश दिए गए। कलेक्टर ने मेटरनल डेथ में मामलों में उनके परिजनों को बुलाने और सभी संबंधित बीएमओ, फील्ड स्टाफ को बुलाने के निर्देश दिए। उन्होंने इन प्रकरणों की बारिकी से समीक्षा की जाएगी। साथ ही लापरवाही पर संबंधित पर कड़ी कार्यवाही प्रस्तावित होगी।

## खबर संक्षेप

### 13 वर्षीय बालक के साथ कुकृत्य करने बाला पीडब्लूडी का कर्मचारी गिरफ्तार

**छतरपुर।** जिले क़े थाना गौरिहार पुलिस ने एक 13 बर्षीय बालक के साथ कुकृत्य करने के मामलें में तत्काल कार्यवाही करते हुए पीडब्लूडी विभाग के एक चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी को गिरफ्तार करते हुए उसके विरूद्व भारतीय न्याय सहिंता की धारा 137 (2)296 (ए) 115 (2) 351 (3) तथा पास्को एक्ट की धारा 3/4 के तहत मामला पंजीबद्व किया है। पुलिस के द्वारा बताई गई जानकारी के अनुसार 7 जुलाई 2026 को नाबालिक बालक अपने घर के बाहर बैठा था तभी उसी गांव का एक अधेड़ व्यक्ति जो पीडब्लूडी विभाग में चपरासी है वह आया और बालक को कुछ खिलाने पिलाने का झांसा देकर अपने साथ लिवा गया। साथ ही आरोपी ने बालक से यह भी बताया कि वह उसके पिता से पूछकर ले जा रहा है। आरोपी बालक को गांव के ही एक मकान के कमरे में ले गया जहां उसके साथ कथित रूप से हैवानियत की और बालक के विरोध करने पर उसके साथ मारपीट की तथा घटना के बारे में किसी को भी बताने पर जान से मारने की धमकी दी। चूकि घटना स्थल गौरिहार थाना क्षेत्र है इसलिए परिजनों ने थाना गौरिहार पहुंचकर रिपोर्ट दर्ज कराई और पुलिस ने मामले की गंभीरता को देखते हुए तत्काल पीडब्लूडी के अधेड़ कर्मचारी श्रीराम तिवारी के विरूद्व मामला दर्ज किया और उसे गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया। न्यालय ने आरोपी को जेल भेज दिया है। इस अधेड कर्मचारी ने इस तरह का घटित कृत्य करके समाज को शर्मसार किया है।

### 12 घंटे में मंदिर चोरी का खुलासा, दान पेटी से चोरी करने वाला आरोपी गिरफ्तार



**छतरपुर।** जुझारनगर थाना पुलिस ने ग्राम ज्योराहा स्थित मंदिर की दान पेटी से हुई चोरी का महज 12 घंटे के भीतर खुलासा करते हुए आरोपी को गिरफ्तार कर चोरी की गई नगद राशि बरामद कर ली। मंदिर के पुजारी वीरेंद्र दास सिंह की शिकायत पर पुलिस ने भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) के तहत चोरी का मामला दर्ज कर जांच शुरू की थी। पुलिस अधीक्षक रजत सकलेचा के निर्देश पर थाना जुझारनगर पुलिस ने तत्काल घटनास्थल का निरीक्षण कर साक्ष्य जुटाए और मुखबिर तंत्र को सक्रिय किया। क्षेत्र में संदिग्ध व्यक्तियों की जानकारी एकत्र कर पुलिस ने संदेही से पूछताछ की, जिसमें उसने मंदिर की दान पेटी से चोरी करना स्वीकार कर लिया। पुलिस ने आरोपी बृजेंद्र अहिरवार पिता गजराज अहिरवार, निवासी ग्राम सोसाइटी पुरवा, मिढ़का, थाना लवकुशनगर को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से दान पेटी से चोरी किए गए 6,657 रुपए नगद बरामद किए। आरोपी के विरुद्ध विधिसम्मत कार्रवाई की जा रही है। इस कार्रवाई में थाना प्रभारी उप निरीक्षक राजकुमार यादव, सहायक उप निरीक्षक विनोद तथा आरक्षक शुभम सेन, मंगल यादव, राहुल चौहान, समद खान और विनोद प्रजापति की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

# शादी के 9 महीने बाद विवाहिता की संदिग्ध मौत मायके पक्ष ने दहेज हत्या का लगाया आरोप



**छतरपुर। शहर के सिटी कोतवाली थाना क्षेत्र में शादी के महज 9 महीने बाद 23 वर्षीय विवाहिता की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। मृतका की पहचान सुबूही खातून पुत्री मोहम्मद इलयास के रूप में हुई है, जो मूल रूप से बड़ी कुंजरेटी की निवासी थी और विवाह के बाद हाउसिंग बोर्ड क्षेत्र स्थित अपने ससुराल में रह रही थी। घटना के बाद मायके पक्ष ने दहेज प्रताडऩा और मारपीट कर हत्या करने का आरोप लगाते हुए ससुराल पक्ष के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग की है।**

परिजनों के अनुसार सुबूही की शादी 12 अक्टूबर 2025 को टीकमगढ़ में आयोजित विवाह सम्मेलन के माध्यम से फिरोज खान से हुई थी, जबकि निकाह छतरपुर में संपन्न हुआ था। आरोप है कि विवाह के बाद से ही पति फिरोज खान, सास नजमा, ननद शायमा और जेठ मौसिम द्वारा एक लाख रुपये की दहेज की मांग की जा रही थी। मांग पूरी नहीं होने पर विवाहिता के साथ लगातार मारपीट और मानसिक प्रताडऩा की जाती थी। मृतका के परिजनों का कहना है कि घटना वाले दिन दोपहर करीब 2:30 बजे भी सुबूही के साथ मारपीट की गई। इसके बाद शाम करीब 5:50 बजे उसकी बड़ी बहन रुक्सार को फोन पर सूचना दी गई कि सुबूही ने फांसी लगा ली है और उसका शव घर की ऊपरी मंजिल के कमरे में फंदे से लटका हुआ है। सूचना मिलते ही परिजन जिला अस्पताल पहुंचे, जहां उन्होंने हंगामा करते हुए इसे आत्महत्या नहीं बल्कि हत्या बताया। आरोप है कि हंगामे के दौरान ससुराल पक्ष के लोग शव को छोड़कर वहां से फरार हो गए।

सूचना मिलने पर सिटी कोतवाली पुलिस ने मौके पर पहुंचकर शव को कब्जे में लिया और पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भेज दिया। पुलिस ने मामले में मर्ग कायम कर जांच शुरू कर दी है। अधिकारियों का कहना है कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट, एफएसएल जांच तथा अन्य साक्ष्यों के आधार पर आगे की वैधानिक कार्रवाई की जाएगी। वहीं मायके पक्ष ने दोषियों के खिलाफ दहेज हत्या का मामला दर्ज कर सख्त कार्रवाई की मांग की है।

# नौगांव में केंद्रीय विद्यालय का शुभारंभ, केंद्रीय मंत्री डॉ. वीरेंद्र कुमार ने किया उद्घाटन




**नौगांव/छतरपुर। नौगांव के विद्यार्थियों और अभिभावकों के लिए शुक्रवार का दिन ऐतिहासिक साबित हुआ, जब केंद्रीय सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री डॉ. वीरेंद्र कुमार ने केंद्रीय विद्यालय का विधिवत शुभारंभ किया। विद्यालय परिसर में आयोजित उद्घाटन समारोह में जनप्रतिनिधियों, प्रशासनिक अधिकारियों, शिक्षकों एवं बड़ी संख्या में अभिभावकों की उपस्थिति रही।**

केंद्रीय मंत्री डॉ. वीरेंद्र कुमार ने फीता काटकर विद्यालय का उद्घाटन किया तथा परिसर का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने विद्यार्थियों से आत्मीय संवाद करते हुए उन्हें पेन और टॉफियां वितरित कीं। बच्चों ने भी उत्साहपूर्वक उनका स्वागत किया। अपने संबोधन में केंद्रीय मंत्री ने कहा कि केंद्रीय विद्यालय की स्थापना से क्षेत्र के विद्यार्थियों को गुणवत्तापूर्ण एवं आधुनिक शिक्षा उपलब्ध होगी। उन्होंने शिक्षा को राष्ट्र निर्माण की आधारशिला बताते हुए विद्यार्थियों से लक्ष्य निर्धारित कर मन लगाकर अध्ययन करने का आह्वान किया। विद्यालय के प्राचार्य नारायण सिंह ने बताया कि 10 जुलाई से विद्यालय का औपचारिक संचालन प्रारंभ हो गया है। वर्तमान शैक्षणिक सत्र में बाल वाटिका-1, बाल वाटिका-2, बाल वाटिका-3 तथा कक्षा 1 से 5 तक की कक्षाएं संचालित की जाएंगी। उन्होंने कहा कि भविष्य में चरणबद्ध तरीके से उच्च कक्षाओं का संचालन भी शुरू किया जाएगा।

# फर्जी वसीयतनामा बनाकर संपत्ति हड़पने का आरोप, महिला ने एसपी से लगाई न्याय की गुहार

### 12 साल पुराने वसीयतनामे की जांच की मांग, दोषियों पर एफआईआर दर्ज करने की अपील



**छतरपुर।** उज्जैन निवासी छंदा राय ने अपने ससुर की संपत्ति से जुड़े कथित फर्जी वसीयतनामे की जांच कर दोषियों के विरुद्ध आपराधिक मामला दर्ज किए जाने की मांग को लेकर शुक्रवार को पुलिस अधीक्षक कार्यालय में आवेदन सौंपा। उन्होंने आरोप लगाया कि फर्जी दस्तावेज के जरिए संपत्ति पर अवैध कब्जा करने का प्रयास किया गया है, जिसकी निष्पक्ष जांच कराई जानी चाहिए।

आवेदन के अनुसार, उनके ससुर स्वर्गीय कृष्णप्रसाद विश्वास ने 6 सितंबर 2012 को एक पंजीकृत वसीयतनामा उनके पति स्वर्गीय जीतू विश्वास के पक्ष में कराया था। इस वसीयतनामे में चल-अचल संपत्ति, कृषि भूमि और मकान का स्पष्ट उल्लेख किया गया है। महिला का कहना है कि यह विधिवत पंजीकृत और वैध दस्तावेज है। छंदा राय का आरोप है कि इससे पहले 18 जुलाई 2012 की तिथि का एक अन्य वसीयतनामा कृष्णप्रसाद विश्वास की पुत्रियों द्वारा तैयार कराया गया, जो पूरी तरह फर्जी है। उनके मुताबिक इसी कथित फर्जी वसीयतनामे के आधार पर संपत्ति पर दावा करने का प्रयास किया जा रहा है, जिससे उनके वैधानिक अधिकार प्रभावित हो रहे हैं। प्रार्थी ने पुलिस अधीक्षक से मांग की है कि 18 जुलाई 2012 के कथित वसीयतनामे की निष्पक्ष और गहन जांच कराई जाए। यदि जांच में दस्तावेज फर्जी पाया जाता है तो संबंधित व्यक्तियों के विरुद्ध एफआईआर दर्ज कर सख्त कानूनी कार्रवाई की जाए। पुलिस ने आवेदन प्राप्त कर मामले की जांच कराने का आश्वासन दिया है।

# जमीन हड़पने की नीयत से दलित महिला के साथ मारपीट, पीड़िता ने हरिजन थाने में की शिकायत



**छतरपुर।** मातगुवां थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम पिपौराकला हाल निवासी चौका पेट्रोल पंप के पास की रहने वाली एक गरीब मजदूर महिला ने हरिजन थाना कार्यालय पहुंचकर दबंगों द्वारा जमीन हड़पने और मारपीट करने की गंभीर शिकायत दर्ज कराई है। पीड़िता धर्मी अहिरवार पत्नी भगवानदास अहिरवार ने आवेदन में बताया कि सागर रोड पर स्थित उसकी कीमती भूमि पर गांव के ही सुनील सोनी, सत्तू सोनी और बब्बू कुशवाहा की बुरी नीयत है। आरोपी आए दिन पीड़िता और उसके परिवार को जातिसूचक शब्द कहकर अपमानित करते हैं और जान से मारने की धमकी देते हैं। आरोप है कि सुनील सोनी कौडिय़ों के दाम में पूरी जमीन उसके नाम करने का दबाव बना रहा है। इसी विवाद के चलते बीते 3 जुलाई 2026 को आरोपियों ने पीड़िता के कुएं पर आकर उसके साथ गाली-गलौज करते हुए थप्पड़ मारे और मारपीट की। दबंगों की इस प्रताडऩा से बुरी तरह डरी-सहमी पीड़ित महिला ने शुक्रवार (10 जुलाई) को पुलिस अधिकारियों से मिलकर अपनी जान-माल की रक्षा करने और दोषियों के खिलाफ सख्त कानूनी व दंडात्मक कार्रवाई करने की गुहार लगाई है।

# 5 महीने से नहीं मिली वृद्धा पेंशन, पंचायत के चक्कर काट रहे बुजुर्ग; सरपंच-सचिव पर लगाए लापरवाही के आरोप



**ईशानगर।** ईशानगर ग्राम पंचायत के दर्जनों वृद्ध महिला एवं पुरुष पिछले पांच महीनों से वृद्धावस्था पेंशन नहीं मिलने से परेशान हैं। उनका कहना है कि वे कई बार पंचायत कार्यालय के चक्कर लगा चुके हैं, लेकिन अब तक उनकी समस्या का समाधान नहीं हो सका।


ग्रामीणों का आरोप है कि पंचायत में कई बार आवेदन और शिकायत करने के बावजूद न तो पेंशन शुरू हुई और न ही उन्हें स्पष्ट जानकारी दी गई। पीड़ित जानकी अहिरवार और मुन्नी बाई का कहना है कि उनके परिवार के सदस्य बाहर रहते हैं और उनका भरण-पोषण मुख्य रूप से वृद्धावस्था पेंशन पर ही निर्भर है। उनका कहना है कि यदि जल्द पेंशन नहीं मिली तो उनके सामने आर्थिक संकट और भी गहरा जाएगा। ग्रामीणों ने सरपंच निधि मिश्रा और सचिव संतोष शुक्ला पर समस्या के समाधान में लापरवाही बरतने का आरोप लगाया है। वहीं कुछ ग्रामीणों ने पंचायत के कार्यों को लेकर भी नाराजगी जताई है। वृद्ध महिला सुनिया बाई ,श्याम बाई, तीजिया बाई,चैनी,प्रेम बाई, उदितीय बाई,ललती बाई, दुजिया भाई कौशल्या अहिरवार मुनिया बाई कमली बाई व बृजलाल अहिरवार हरदयाल अहिरवार प्यारेलाल अहिरवार खरगा अहिरवार खिलैयां अहिरवार सहित दर्जनों महिलाएं पुरुष वृद्ध पिंशन से लाभाविंत है।

# खेत की टपरिया से 15 पेटी शराब जब्त, एक आरोपी गिरफ्तार




**छतरपुर।** पुलिस अधीक्षक रजत सकलेचा के निर्देशन में जिले में अवैध मादक पदार्थों के संग्रह, विक्रय एवं परिवहन के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत थाना बिजावर पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए ग्राम गुलाट हार स्थित एक खेत में बनी टपरिया से 15 पेटी अवैध शराब जब्त की है। जब्त शराब की मात्रा 135 लीटर तथा अनुमानित कीमत करीब 80 हजार रुपये बताई गई है।

पुलिस के अनुसार, रात्रि गश्त के दौरान ग्राम गुलाट हार में अवैध शराब संग्रह की सूचना मिलने पर पुलिस टीम ने मौके पर पहुंचकर खेत में बनी टपरिया की तलाशी ली। तलाशी के दौरान वहां से 15 पेटी अवैध शराब बरामद की गई। मामले में दो आरोपियों के विरुद्ध आबकारी अधिनियम के तहत थाना बिजावर में प्रकरण दर्ज किया गया है। कार्रवाई के दौरान पुलिस ने आरोपी शहजाद खान उर्फ सोना, पिता अब्बास खान, निवासी वार्ड क्रमांक 12, ग्वालियरगंज मोहल्ला, बिजावर को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया। वहीं मामले में शामिल दूसरे आरोपी सलमान बेग निवासी बिजावर की तलाश जारी है। यह कार्रवाई थाना प्रभारी उप निरीक्षक गुरुदत्त शेषा के नेतृत्व में की गई। कार्रवाई में थाना बिजावर के पुलिस अधिकारियों एवं जवानों की सक्रिय भूमिका रही।



# पर्यावरण संरक्षण के लिए लगाए पौधे


### महाराजपुर नगर पालिका ने मुक्तिधाम में किया वृक्षारोपण

**छतरपुर।** कलेक्टर पार्थ जैसवाल के निर्देशन में पर्यावरण संरक्षण के उद्देश्य से महाराजपुर नगर पालिका ने कुषमा स्थित मुक्तिधाम में वृक्षारोपण किया। मुख्य नगर पालिका अधिकारी शैलेंद्र चौहान ने स्वयं अपने हाथों से पौधे लगाए और स्टाफ को भी वृक्षारोपण के लिए प्रेरित किया। मुक्तिधाम में विभिन्न प्रजातियों के अनेक पौधे लगाए गए जिसकी देखभाल करने के लिए भी सीएमओ ने स्टाफ को निर्देशित किया। आजकल बढ़ते प्रदूषण, गर्मी और पर्यावरण असंतुलन को देखते हुए, शासन के निर्देश पर सरकारी विभागों में भी वृक्षारोपण को विशेष महत्व दिया जा रहा है। इसका उद्देश्य हरित क्षेत्र बढ़ाना, ऑक्सीजन का स्तर बेहतर करना और आने वाली पीढिय़ों को स्वच्छ पर्यावरण प्रदान करना है। मुहिम के तहत नगर पालिका के राजस्व निरीक्षक अशोक साहू, संदीप शर्मा, धमेंद्र रैकवार, देवेंद्र प्रजापति, सुनील चौरसिया, जित्तू चौरसिया सहित अन्य अधिकारी और कर्मचारी इस कार्य में बढ़-चढकर भाग ले रहे हैं। कार्यक्रम के अंत में सीएमओ ने नागरिकों से अपील की कि वे भी अपने घरों, मोहल्लों और सार्वजनिक स्थानों पर अधिक से अधिक पेड़ लगाएं और उनकी देखभाल करें।

# शरीर नहीं मन की यात्रा कराता है ऊर्जा संचय शिविर

## बागेश्वर महाराज ने तीन दिवसीय शिविर का शुभारंभ कर साधकों से कहा





**छतरपुर।** बागेश्वर धाम पीठाधीश पं. धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री के सानिध्य में दक्षिण भारत के प्रसिद्ध तीर्थ स्थल तिरुपति में तीन दिवसीय ऊर्जा संचयन समागम शिविर का आयोजन किया जा रहा है। शिविर का शुभारंभ करते हुए महाराज श्री ने कहा कि यह शिविर शरीर की नहीं, मन की यात्रा का अनुभव करने के लिए है। इस ऊर्जा संचय समागम का मुख्य उद्देश्य मन और बुद्धि की शुद्धि कर सकारात्मक ऊर्जा का संचार करना तथा मानसिक तनाव, नकारात्मक विचारों और विकारों से मुक्ति दिलाना है।

तिरुपति बालाजी की नगरी में बागेश्वर सरकार के तीन दिवसीय छठे राष्ट्रीय ऊर्जा संचयन समागम के प्रथम दिवस का शुभारंभ ब्रह्ममुहूर्त में सीताराम दरबार की आरती, पुष्प अर्पण एवं सामूहिक हनुमान चालीसा पाठ के साथ हुआ। समागम में शामिल देश-विदेश से आए साधकों को बागेश्वर सरकार ने आशीर्वचन देते हुए बागेश्वर महाराज ने इसके उद्देश्य और महत्व पर प्रकाश डाला। पूज्य सरकार ने बताया कि यह केवल तीन दिनों का शिविर नहीं बल्कि जीवन को नई दिशा देने वाली एक आध्यात्मिक साधना है जिसके लाभ साधकों को जीवनभर प्राप्त हो सकते हैं।बागेश्वर सरकार ने कहा कि यह समागम शरीर की नहीं, बल्कि मन की यात्रा करवाता है। व्यक्ति एक ही स्थान पर रहते हुए आत्मचिंतन, आत्ममंथन और आत्मविकास की अनेक यात्राएं कर सकता है, उन्होंने कहा कि मन की शुद्धि और विचारों की सकारात्मकता से व्यक्ति को आंतरिक सुख, मानसिक शांति और आत्मविश्वास की अनुभूति होती है, आगे कहा कि ऊर्जा संचयन समागम वर्तमान में जीने की कला सिखाता है, भविष्य के लिए सही दिशा निर्धारित करने की प्रेरणा देता है तथा जीवन में हुई ज्ञात-अज्ञात गलतियों का आत्ममंथन कर उन्हें सुधारने का अवसर प्रदान करता है। उल्लेखनीय है कि बागेश्वर सरकार का यह छठा राष्ट्रीय ऊर्जा संचयन समागम है। इससे पूर्व देश के विभिन्न स्थानों पर आयोजित समागमों में शामिल हजारों साधक आज भी इसके सकारात्मक परिणामों का अनुभव कर रहे हैं।

# पति बनने की मिली खौफनाक सजा पत्नी के प्रेमी ने पहले कुएं में डुबोकर मारा

## फिर दफनाया, 3 माह बाद आरोपी तक पहुंची पुलिस, कब्र से निकाला कंकाल, पीएम के लिए भेजा अस्पताल

रीवा।

पति बनने के बाद पत्नी को लेकर रंग बिरंगे स्वप्न सजाए एक युवक को शायद ही इस बात का अंदाजा रहा होगा कि उसका अंत खौफनाक होगा। पत्नी से मिलने ससुराल गए एक 20 वर्षीय युवक को पत्नी ने अपने प्रेमी के साथ मिलकर साजिश के तहत दर्दनाक हत्या कर दी। पहले कुएं में डूबोकर उसके प्राण हरे इसके बाद कुछ दूरी में स्थिति नाले में कब्र खोदकर दफना दिया गया। लापता हुए युवक को लेकर चिंतित परिजनों ने गुमशुदगी की रिपोर्ट संबंधित थाने में दर्ज करायी। पुलिस और परिजन दोनों अपने स्तर से खोजबीन करते रहे लेकिन उसका कहीं सुराग नहीं लगा। 3 माह बीत जाने के बाद एक प्रकरण में पुलिस ने एक आरोपी को गिरफ्तार किया,जिससे पूछताछ दौरान यह बात निकलकर सामने आयी कि वह एक हत्या मामले में संलिप्त है। चूंकि मामला गंभीर था लिहाजा संबंधित पुलिस ने रामपुर बाघेलान थाना पुलिस सहित मजिस्ट्रेट की मौजूदगी में आरोपी की निशानदेही पर कब्रगाह की खुदाई करायी गयी,जिसमें कंकाल बरामद हुआ। पुलिस ने उक्त कंकाल को एकत्रित कर फॉरेंसिक जांच के लिए संजय गांधी अस्पताल भेजवाया गया है। उक्त हृदय विदारक मामला


गोविंदगढ़ थाना क्षेत्र के टीकर गांव का बताया गया है।

### अंतिम बार देखा गया था आरोपी के साथ

पूरे मामले को लेकर मिली जानकारी अनुसार सतना जिले के रामपुर बाघेलान थाना तहत मोहर टोला भगदेवरा गांव निवासी विपिन कुमार यादव पिता संतु यादव उम्र 20 वर्ष का विवाह 1 वर्ष पूर्व गोविंदगढ़ थाना के टीकर गांव निवासी आंचल यादव के साथ हुआ था। विवाह के बाद भी आंचल का अधिकतर समय अपने मायके में ही बीत रहा था। 26 मार्च 2026 को विपिन अपने ससुराल टीकर आया हुआ था,इसके बाद से वह लापता हो गया,उसका फोन भी बंद बता रहा था। परिजनों ने अपने स्तर से काफी तलाश की लेकिन जब उसका कहीं पता नहीं चला तो गुमशुदगी की रिपोर्ट रामपुर बाघेलान थाने में दर्ज करायी। रामपुर पुलिस कई बार टीकर गांव आयी। पत्नी सहित ससुराल पक्ष के लोगों से पूछताछ की लेकिन सही जबाव किसी के द्वारा नहीं दिया गया। गांव के लोगों से एक बात जरूर स्पष्ट हुई की अंतिम बार विपिन गांव के ही सुनील कुशवाहा नामक युवक के साथ देखा गया था। हालांकि सुनील से पुलिस ने पूछताछ की लेकिन खास सफलता नहीं मिली।

### पूछताछ के बाद आरोपी ने खोला हत्या का राज

बताया जा रहा है कि हाल ही में गोविंदगढ़ पुलिस एक प्रकरण में आरोपी सुनील कुशवाहा को गिरफ्तार किया था। चूंकि गोविंदगढ़ पुलिस को भी इस बात की जानकारी थी कि टीकर गांव से लापता हुए एक युवक मामले में रामपुर बाघेलान पुलिस कई बार पूछताछ करने गांव आयी थी,जिसमें वह संदेहास्पद था। लिहाजा पुलिस ने कड़ाई के साथ सुनील से पूछताछ की,जिसने सबकुछ उगल दिया। उसने कबूल किया कि विपिन की कुएँ में डूबोकर हत्या कर दी, इसके बाद लाश छुपाने कुछ दूरी पर नाले के समीप गड्ढा खोदकर उसे दफना दिया गया। गोविंदगढ़ पुलिस ने पूरे घटनाक्रम की जानकारी रामपुर बाघेलान पुलिस को इत्तला दी। रामपुर बाघेलान पुलिस गोविंदगढ़ थाना पहुंची और आरोपी को कब्जे में ले लिया।

### मजिस्ट्रेट की मौजूदगी में निकाला गया कंकाल

रामपुर बाघेलान,गोविंदगढ़ थाना पुलिस द्वारा मजिस्ट्रेट की मौजूदगी में टीकर गांव स्थित नाले के समीप गड्ढे की खुदाई की गयी,जिसमें से कंकाल बरामद हुआ। पुलिस ने कंकाल को चादर में इक_ा कर उसकी फॉरेंसिक जांच के लिए पुलिस निगरानी के साथ संजय गांधी अस्पताल भेज दिया गया है।

### पत्नी से की जा रही थी पूछताछ

इस पूरे प्रकरण में पुलिस ने आरोपी सुनील कुशवाहा निवासी टीकर को हिरासत में लेकर गहन पूछताछ की गयी। पूछताछ दौरान आरोपी ने मृतक की पत्नी से प्रेम प्रसंग करने की बात स्वीकार करते हुए हत्या की घटना को अंजाम देने की बात स्वीकार की। पुलिस अब आंचल यादव से पूछताछ कर रही है।

### चाल और चरित्र में यह कैसा परिवर्तन

समानता और स्वतंत्रता का अधिकार मांगने वाली आज की नई पीढ़ी खासकर युवतियों का यह कैसा चरित्र उजागर हो रहा है। आये दिन हो रही पुरूष हत्या की घटनाओं में महिला वर्ग पूरी तरह संलिप्त पायी जा रही हैं,मौत की नींद सोने वाले पुरूष और कोई नही बल्कि संलिप्त महिलाओं के पति ही पाये जा रहे हैं। क्या इसी तरह की जिंदगी जीने के लिए नारी समाज स्वतंत्रता की मांग करती है? नारी किसी की मॉं, किसी की बहन और किसी की पत्नी होती है, हिन्दू धर्म में नारी को देवी का दर्जा दिया गया है। नारी का सम्मान तभी होगा जब वह इन रूपों में दिखायी देगी। नारी के नर पिसाचनी रूप को अब तक किसी ने स्वीकार नहीं किया है और न ही करेगा

## मिलावट से मुक्ति अभियान, सेमरिया में एक्सपायरी डेट की कोल्ड ड्रिंक्स जब्त, रीवा में समोसा होटल पर गिरी गाज





रीवा। जिले में मिलावटखोरों और लापरवाही बरतने वाले खाद्य कारोबारियों के खिलाफ मिलावट से मुक्ति अभियान के तहत कार्रवाई जारी है। इसी कड़ी में कलेक्टर नरेन्द्र कुमार सूर्यवंशी के सख्त निर्देश पर खाद्य सुरक्षा प्रशासन की टीम ने सेमरिया और इलाहाबाद रोड स्थित प्रतिष्ठानों पर औचक दबिश दी, जहाँ भारी अनियमितताएं पाई गईं। अभियान के दौरान टीम ने सेमरिया स्थित इंडियन फ्लेवर रेस्टोरेंट की बारीकी से जांच की। जांच में रेस्टोरेंट के भीतर ग्राहकों को परोसने के लिए रखी गईं एक्सपायरी डेट की कोल्ड ड्रिंक्स की 15 बोतलें बरामद हुईं, जिन्हें टीम ने तुरंत जब्त कर लिया। इस गंभीर लापरवाही पर रेस्टोरेंट संचालक लवकुश चौरसिया के विरुद्ध खाद्य सुरक्षा मानक अधिनियम के तहत वैधानिक कार्रवाई शुरू कर दी गई है। इसी क्रम में टीम ने इलाहाबाद रोड रीवा स्थित 'बेनाम समोसा होटल' का भी आकस्मिक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान होटल का नजारा बेहद चौंकाने वाला था, जहाँ संचालक अरविंद साहू द्वारा अत्यंत गंदगी और अस्वच्छ माहौल में समोसे एवं मिठाइयाँ बनाई जा रही थीं और उन्हें ग्राहकों को बेचा जा रहा था। आम जनता के स्वास्थ्य के साथ खिलवाड़ करने और गंदगी में खाद्य पदार्थों का निर्माण व विक्रय करने के इस कृत्य को अपराध मानते हुए, टीम द्वारा संचालक के विरुद्ध खाद्य सुरक्षा मानक अधिनियम की धारा 58 के तहत सख्त दंडात्मक कार्रवाई की जा रही है। इस कार्रवाई के साथ ही खाद्य सुरक्षा प्रशासन ने जिले के सभी खाद्य कारोबारियों को सख्त चेतावनी और सुधार जारी की है। विभाग ने कहा है कि चूंकि बारिश का मौसम शुरू हो चुका है, इसलिए सभी संचालक अपने व्यावसायिक परिसर को कीड़े-मकोड़ों और गंदगी से बचाने के लिए तत्काल आवश्यक सुधार और पुख्ता व्यवस्था कर लें, अन्यथा आने वाले दिनों में ऐसी लापरवाही पाए जाने पर और भी सख्त कदम उठाए जाएंगे।

### दुग्ध समृद्धि अभियान का प्रचार-प्रसार करें - कलेक्टर

रीवा। जिले में 13 जुलाई से 18 जुलाई तक दुग्ध समृद्धि संपर्क अभियान का तीसरा चरण चलाया जायेगा। इस संबंध में कलेक्टर नरेन्द्र कुमार सूर्यवंशी ने कहा है कि मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत तथा जनपद पंचायत सभी ग्राम पंचायतों में अभियान का व्यापक प्रचार-प्रसार करायें। यह अभियान शासन की उच्च प्राथमिकता का अभियान है।

## शिक्षा विभाग बच्चों के शैक्षणिक स्तर को सुधारते हुए उत्कृष्ट परीक्षा परिणाम दें : कमिश्नर

**रीवा । स्वास्थ्य विभाग के सभी चिकित्सक एवं कर्मचारी जिलों में संस्थागत प्रसव को बढ़ावा दें, किसी भी स्थिति में गर्भवती महिलाओं की जान को खतरे में डालते हुए घर में प्रसव न कराया जाए, प्रसव हर हाल में अस्पताल में हो। स्वास्थ्य विभाग एवं महिला एवं बाल विकास विभाग के कर्मचारी लगातार फील्ड में भ्रमण करें।**



उक्त निर्देश रीवा संभाग के कमिश्नर श्री शीलेंद्र सिंह ने महिला एवं बाल विकास विभाग, स्वास्थ्य विभाग, ऊर्जा विभाग, जनजातीय कार्य विभाग, जल संसाधन विभाग, पीएचई, जल निगम विभाग एवं स्कूल शिक्षा विभाग की बैठक में दिए।कमिश्नर ने एएनसी रजिस्ट्रेशन की अद्यतन स्थिति की समीक्षा की और निर्देश दिए कि किसी भी जिले में एएनसी रजिस्ट्रेशन 95 प्रतिशत से कम नहीं होना चाहिए। इसके लिए उन्होंने स्वास्थ्य विभाग एवं महिला बाल विकास विभाग के कर्मचारियों को सभी गर्भवती महिलाओं का चिन्हांकन कर उनकी प्रथम माह से 9 माह तक नियमित रूप से स्वास्थ्य जांच कराने के निर्देश दिए। गर्भवती महिला यदि एनिमिक है या सीवियर एनिमिक है तो तत्काल उन्हें उच्च स्तर की स्वास्थ्य सुविधा उपलब्ध कराई जाए। कमिश्नर ने कहा कि गर्भवती महिलाओं एवं बच्चों में कुपोषण दूर करना स्वास्थ्य विभाग एवं महिला बाल विकास विभाग की महत्वपूर्ण जिम्मेदारी है, उन्होंने आगामी सोमवार से सभी ग्राम पंचायत स्तर पर स्वास्थ्य शिविर लगाकर गर्भवती महिलाओं के एएनसी चेकअप कराने के निर्देश दिए।

कमिश्नर ने कहा कि यदि किसी गर्भवती महिला की उपचार के दौरान या प्रसव के दौरान मृत्यु होती है तो इसके लिए स्वास्थ्य विभाग एवं महिला बाल विकास विभाग जिम्मेदार होंगे और ऐसी स्थिति में स्वास्थ्य विभाग व महिला बाल विकास विभाग के अधिकारी एवं कर्मचारियों पर जिम्मेदारी अधिरोपित की जाएगी। कमिश्नर ने कहा कि अनमोल पोर्टल एवं पोषण ट्रैकर एप पर स्वास्थ्य एवं महिला बाल विकास विभाग संयुक्त रूप से एकरूप एंट्री अनिवार्य रूप से अपलोड करेंगे। उन्होंने समस्याग्रस्त क्षेत्र में विशेष रूप से गर्भवती महिलाओं के चिन्हांकन के कार्य में गंभीरता से कार्य करने के निर्देश दिए। कमिश्नर ने रीवा जिले में स्वास्थ्य के हर पैरामीटर पर किए गए गुणवत्ताविहीन कार्य पर सख्त नाराज़गी व्यक्त की और कहा कि ब्लॉक एवं ग्राम पंचायत स्तर पर यदि कर्मचारी कार्य ठीक से नहीं करेंगे तो उनके विरुद्ध नियमानुसार कारवाई की जाएगी। कमिश्नर ने मातृ मृत्यु दर, एनआरसी एडमीशन, निक्षय शिविर स्कैनिंग, भूख की जांच वाले सेम बच्चे, पोषण किट, एक्स-रे, टीकाकरण, आयुष्मान कार्ड की प्रगति की समीक्षा की और सभी में अपेक्षित परिणाम लाने के निर्देश दिए । कमिश्नर ने स्कूल शिक्षा विभाग के कार्यों की समीक्षा करते हुए सभी जिला शिक्षा अधिकारियों को निर्देश दिए कि स्कूली बच्चों के शैक्षणिक एवं मानसिक स्तर में व्यापक सुधार करें, कक्षा आठवीं तक के बच्चों को लिखना, पढ़ना, जोड़, घटाना और गिनती अनिवार्य रूप से आनी चाहिए। कमिश्नर ने कहा कि गत वर्ष की अपेक्षा इस वर्ष सभी शिक्षक उत्कृष्ट परीक्षा परिणाम दें। उन्होंने शिक्षा की क्वालिटी सुधारने के निर्देश दिए और कहा कि वर्तमान में दी जा रही शिक्षा से बच्चों का पर्याप्त शैक्षणिक एवं विकास नहीं हो पा रहा है। कमिश्नर ने कहा कि यदि हम बच्चों को स्किल्ड बनाएंगे तो बच्चे आगे जाकर एक जिम्मेदार नागरिक बनेंगे।

## खनिज का अवैध परिवहन करते 12 वाहन जप्त दर्ज हुआ प्रकरण

**रीवा ।** कलेक्टर नरेंद्र कुमार सूर्यवंशी के निर्देश पर खनिजों के अवैध उत्खनन परिवहन एवं भंडारण पर कार्यवाही हेतु संयुक्त जांच दल द्वारा कई स्थानों पर सघन जांच कार्यवाही की गई। संयुक्त जांच टीम मे खनिज, राजस्व ,पुलिस एवं आरटीओ द्वारा चिन्हित स्थानो मे सघन चेकिंग अभियान चलाया गया । रतहरा रिंग रोड, रायपुर, मनगवा बायपास एवं इटोरा बाईपास विश्व विद्यालय के पास,में चलाऐ गये जांच अभियान मे अवैध परिवहन करते 12 वाहनों पर कार्रवाई की गई । चलाए गये सघन जांच अभियान में खनिजों का अवैध परिवहन, ओवर लोड परिवहन करते 12 प्रकरण दर्ज कर कार्यवाही की गई। जिसमें 05 वाहन ट्रेडर्स रिंग रोड में जप्त कर सुरक्षित खड़े कराए गए। 04 वाहन आरटीओ कार्यालय रतहरा में खड़े कराए गए एवं 03 वाहन विश्वविद्यालय थाने में सुरक्षार्थ खड़े कराये गये। अवैध परिवहन मे पकड़े गये सभी वाहनों के प्रकरण तैयार कर निराकरण हेतु कलेक्टर न्यायालय में प्रस्तुत किए जाएंगे । सयुक्त जांच टीम द्वारा यह अभियान लगातार आगे भी जारी रहेगा एवं कार्यवाही सतत रूप से की जाएगी । इस कार्यवाही में खनिज उप संचालक दीपमाला तिवारी, खनिज निरीक्षक आरती सिंह, आरटीओ अधिकारी,समान थाना प्रभारी आशीष मिश्रा, ट्रैफिक प्रभारी अखिलेश कुशवाहा , तहसीलदा यतीश शुक्ला एवं अन्य अमला उपस्थित रहा।



### रीवा आबकारी विभाग की बड़ी कार्रवाई: 1,220 किलो महुआ लाहन और 55 लीटर कच्ची शराब जब्त

**रीवा।** आबकारी विभाग ने चाकघाट-बरौली वृत्त के विभिन्न गांवों में अवैध शराब के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए 9 प्रकरण दर्ज किए। टीम ने अलग-अलग स्थानों से 1,220 किलोग्राम महुआ लाहन और 55 लीटर हाथ भट्टी शराब जब्त की, जिसकी अनुमानित कीमत 1,30,250 रुपये बताई गई है।कार्रवाई के दौरान ग्राम चाढी, बरौली ठाकुरान, कटरा एवं कुसमैदा में कई आरोपियों के रिहायशी मकानों से महुआ लाहन और हाथ भट्टी शराब बरामद की गई। सभी मामलों में मध्य प्रदेश आबकारी अधिनियम, 1915 की धारा 34(1)(क)(च) के तहत प्रकरण दर्ज किए गए।सहायक आबकारी आयुक्त रीवा ने बताया कि अवैध शराब के निर्माण, परिवहन और विक्रय के विरुद्ध अभियान लगातार जारी रहेगा। इस कार्रवाई में सहायक जिला आबकारी अधिकारी अखिलेश्वर सिंह ठाकुर, अजय श्रीवास्तव, मुख्य आरक्षक संगीता द्विवेदी तथा आरक्षक वेदप्रकाश तिवारी, अखिलेश शुक्ला, शुभम द्विवेदी और आशीष गुप्त की महत्वपूर्ण भूमिका रही।



## समान थाने में पदभार संभालते ही निरीक्षक आशीष मिश्रा की बड़ी कार्रवाई, 118 शीशी नशीली सिरप के साथ 2 तस्कर गिरफ्तार

**नशे पर कसा शिकंजा, ऑपरेशन प्रहार 2.0 में स्कूटी सहित 23,777 की सिरप जब्त, दोनों आरोपी मऊगंज के भेजे गये जेल**

रीवा। पुलिस अधीक्षक डॉ. गुरकरन सिंह, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक संदीप मिश्रा और नगर पुलिस अधीक्षक राजीव पाठक के मार्गदर्शन में की गई इस कार्रवाई को ऑपरेशन प्रहार 2.0 के तहत अंजाम दिया गया। थाना समान में नई पदस्थापना के साथ ही निरीक्षक आशीष मिश्रा ने नशे के कारोबारियों पर बड़ा प्रहार किया है। पदभार संभालते ही उन्होंने 118 शीशी अवैध नशीली कफ सिरप के साथ 2 तस्करों को गिरफ्तार कर लिया। इस कार्रवाई से क्षेत्र में पुलिस की सक्रियता का संदेश गया है।

### स्कूटी से कर रहे थे तस्करी

8 जुलाई को मुखबिर से सूचना मिली कि एक स्कूटी में 2 व्यक्ति काले रंग के बोरे में अवैध नशीली कफ सिरप लेकर जा रहे हैं। सूचना मिलते ही निरिक्षक आशीष मिश्रा के नेतृत्व में टीम ने घेराबंदी कर दोनों को पकड़ लिया। तलाशी में आरोपियों के कब्जे से 118 शीशी नशीली कफ सिरप बरामद की गईं। पुलिस ने मौके से स्कूटी भी जब्त कर ली।

### एनडीपीएस एक्ट में केस दर्ज

पकड़े गए आरोपियों के खिलाफ धारा 8, 21, 22, 25, 29 एन.डी.पी.एस. एक्ट एवं 5/13 म.प्र. औषधि नियंत्रण अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया गया है। दोनों आरोपियों को न्यायालय में पेश कर जेल भेज दिया गया है।

## होंडा सिटी कार से 2.65 लाख की नशीली कफ सिरप जब्त, यूपी से लाई जा रही थी 1,312 शीशी की खेप

**सोहागी घाटी में घेराबंदी कर तस्कर को किया गिरफ्तार**

**रीवा।** जिले में नशे के अवैध कारोबार के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत पुलिस ने शुक्रवार को बड़ी कार्रवाई करते हुए उत्तर प्रदेश से रीवा लाई जा रही प्रतिबंधित नशीली कफ सिरप की खेप जब्त की है। सोहागी थाना पुलिस ने सोहागी घाटी में घेराबंदी कर होंडा सिटी कार को रोककर तलाशी ली, जिसमें 11 पेटियों में रखी 1,312 शीशियां बरामद हुईं। जब्त कफ सिरप की अनुमानित कीमत 2 लाख 65 हजार रुपए बताई गई है।

पुलिस ने कार चालक को मौके से गिरफ्तार कर एनडीपीएस एक्ट के तहत प्रकरण दर्ज किया है। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक (ग्रामीण) संदीप मिश्रा ने बताया कि पुलिस महानिरीक्षक से प्राप्त इनपुट के बाद पुलिस अधीक्षक डॉ. गुरकरण सिंह के निर्देशन में सोहागी थाना पुलिस और साइबर सेल की संयुक्त टीम को कार्रवाई के निर्देश दिए गए थे। सूचना थी कि उत्तर प्रदेश से एक लग्जरी कार में नशीली कफ सिरप की खेप रीवा लाई जा रही है। इसके बाद सोहागी घाटी में नाकाबंदी कर संदिग्ध वाहनों की जांच शुरू की गई। कुछ देर बाद उत्तर प्रदेश की ओर से आ रही होंडा सिटी कार को रोककर तलाशी ली गई। कार के भीतर छिपाकर रखी गई 11 पेटियों में 1,312 शीशियां प्रतिबंधित कफ सिरप मिलीं। मौके से कार चालक प्रकाश द्विवेदी, निवासी बीड़ा, सेमरिया, वर्तमान निवासी चिरहुला कॉलोनी, थाना बिछिया को गिरफ्तार किया गया।

## सेमरिया पुलिस की कार्यवाही 72 घंटे के अंदर लौटाई मां की मुस्कान, गुम बालिका को किया दस्तयाब

**रीवा ।** पुलिस अधीक्षक रीवा डॉ गुरकरन सिंह के द्वारा चलाए जा रहे आपरेशन मुस्कान के तारतम्य में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक संदीप मिश्रा के निर्देशन एसडीओपी रूपेंद्र धुर्वे के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी सेमरिया शिवा अग्रवाल तथा पुलिस टीम द्वारा 10जुलाई को अपहृत बालिका को दस्तयाब कर सकुशल परिजनो को सुपुर्द किया गया । फरियादी द्वारा थाना उपस्थित आकर अपनी नाबालिक बच्ची के घर से बिना बताए चले जाने संबंधी रिपोर्ट थाना सेमरिया में लेख कराई । जिस पर थाना सेमरिया में अपराध धारा 137(2) बीएनएस का पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया था, जिसमें कार्यवाही करते हुए अपहृत बालिका को 72 घंटे के अंदर सकुशल दस्तयाब किया जाकर परिजनों को सुपुर्द किया गया है। उपरोक्त कार्यवाही में थाना प्रभारी शिवा अग्रवाल, ए एस आई रामशिरोमणि सिंह, प्र.आर. प्रमोद अग्निहोत्री, आरक्षक प्रबल त्रिपाठी, महिला आरक्षक मेघा पटेल की सराहनीय भूमिका रही

### लेखा प्रशिक्षण के लिए आवेदन 16 जुलाई तक

रीवा । लेखा प्रशिक्षण शाला रीवा में नियमित प्रशिक्षण सत्र एक अगस्त से आरंभ हो रहा है। इसमें स्थानीय निकाय, अर्द्धशासकीय संस्थाओं के कर्मचारी 5 हजार रुपए शुल्क चालान से जमा करके प्रशिक्षण प्राप्त कर सकते हैं। चालान सहित आवेदन करने की अंतिम तिथि 16 जुलाई निर्धारित की गई है। प्रशिक्षण में आवेदन करने के लिए सीपीसीटी परीक्षा उत्तीर्ण अथवा सीधी भर्ती एवं पदोन्नति से शासन के निर्देशों के अनुसार छूट प्राप्त शासकीय सेवक भी पात्र होंगे। प्रशिक्षण में शामिल होने के लिए आवेदन लेखा प्रशिक्षण शाला शिल्पी प्लाजा ए ब्लॉक रीवा में आवेदन किया जा सकता है। प्रशिक्षण में रीवा और शहडोल संभाग के कर्मचारियों को प्रशिक्षण का अवसर दिया जा रहा है।

## भाठी सेंगर पंचायत में लाखों का बंधा पहली बारिश में ढहा, सरपंच—अधिकारियों की मिलीभगत पर उठे सवाल

**मऊगंज ।** जिले भर की ग्राम पंचायतो में विकास कार्यों की हकीकत पहली ही बारिश में उजागर होने लगी है। इसी कड़ी जनपद पंचायत मऊगंज की ग्राम पंचायत भाठी सेंगर में वाटर सेट योजना के तहत पानी रोकने के लिए बनाया गया बंधा हल्की बारिश में ही बह गया। लाखों रुपये की लागत से बना भाठी सेंगर में बहा यह बंधा सिर्फ मिट्टी और पत्थर का ढांचा नहीं था, बल्कि उस पूरे सिस्टम की पोल है जो कागजों में विकास और जमीन पर विनाश खड़ा कर रहा है।जिले मे वाटर सेट योजना के तहत खेत तालाब, स्टॉप डैम और छोटे-छोटे बंधों के निर्माण पर लाखों-करोड़ों रुपये खर्च किए जा गए हैं, लेकिन गुणवत्ता का हाल यह है कि एक सामान्य बारिश ही निर्माण की सच्चाई सामने ला रही है।ग्राम पंचायत भाठी सेंगर के सरपंच पर पिछले वर्ष इसी पंचायत में करीब 60 लाख रुपये की कथित ख्यानत का मामला सामने आया था और वसूली नोटिस जारी होने की बात भी सामने आई थी, लेकिन आज तक न ठोस कार्रवाई हुई और न ही जिम्मेदारी तय हुई। स्थानीय लोगों का कहना है कि जब पुराने गबन के आरोपों पर ही कार्रवाई नहीं हुई, तो अब क्या होगीग्रामीणों और विभागीय सूत्रों के बीच चर्चा है कि जिले की कई पंचायतों में करोड़ों रुपये के वाटर सेट निर्माण हुए, लेकिन गुणवत्ता की जमीनी जांच के बजाय सिर्फ कागजी सत्यापन कर फाइलें निपटा दी गईं। सबसे हैरानी



की बात यह बताई जा रही है कि जिस अधिकारी के जिम्मे योजना की निगरानी है, वह मऊगंज में स्थायी रूप से रहते तक नहीं, फिर भी निर्माण कार्यों को हरी झंडी मिलती रहती हैभाठी सेंगर का बहा बंधा अब सिर्फ एक पंचायत का मामला नहीं रह गया है, बल्कि यह पूरे मऊगंज जिले में चल रहे कथित विकास मॉडल पर सवाल बनकर खड़ा हो रहा है। जनता पूछ रही है कि क्या यहां योजनाओं का पैसा धरातल पर टिकाऊ निर्माण में लग रहा है, या फिर कमीशन, सांठगांठ और कागजी पूर्णता के खेल में बहाया जा रहा है?स्थानीय लोगों का आरोप है कि जिले में भ्रष्टाचार की जड़ें इतनी गहरी हो चुकी हैं कि पंचायत से लेकर विभाग तक जवाबदेही गायब है। भाठी सेंगर बंधा बहने पर जिला कलेक्टर ने **SDM** ए.पी. द्विवेदी को जांच के दिए निर्देशग्राम पंचायत भाठी सेंगर में वाटर सेट योजना के तहत लाखों रुपये की लागत से बनाया गया बंधा हल्की बारिश में बह जाने के मामले ने अब जिला प्रशासन का ध्यान अपनी ओर खींच लिया है। ग्रामीणों के बीच आक्रोश बढ़ने के बाद कलेक्टर संजय कुमार जैन ने मामले का संज्ञान लेते हुए अनुविभागीय अधिकारी राजस्व (**SDM**) ए.पी. द्विवेदी को जांच कर रिपोर्ट प्रस्तुत करने के निर्देश दिए हैं।कलेक्टर ने भ्रष्टाचार के मामलों में जीरो टॉलरेंस की बात कही है, जिले में ऐसे कई मामले पहले भी सामने आ चुके हैं, जिनमें कलेक्टर स्तर से जांच के निर्देश तो दिए गए, पर आगे की कार्रवाई का न जिले में विकास कार्यों की गुणवत्ता, पंचायतों में वित्तीय अनुशासन और विभागीय निगरानी की साख की परीक्षा बन गया है। जनता की निगाहें अब **SDM** की जांच रिपोर्ट पर टिकी हैं। सवाल सीधा है—क्या इस बार जिम्मेदारों पर कार्रवाई होगी, वसूली और दंडात्मक कदम उठेंगे, या फिर भ्रष्टाचार पर जीरो टॉलरेंस का दावा केवल बयान बनकर रह जाएगाजनता अब जवाब चाहती है,लाखों रुपये से बना बंधा पहली बारिश में बह सकता है, तो यह सिर्फ निर्माण की विफलता नहीं, बल्कि जनता के विश्वास, सरकारी धन और विकास के नाम पर किए जा रहे दावों के बह जाने की भी कहानी है।

## गौरी में स्वास्थ्य शिविर हुआ आयोजन 117 हितग्राहियों को मिला स्वास्थ्य लाभ



**मऊगंज।** जिले के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र हनुमना तथा संपूर्ण सुरक्षा केंद्र मेडिकल कॉलेज रीवा के संयुक्त तत्वाधान में कन्या हाई स्कूल गौरी में स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया जिसमे जिला क्षय अधिकारी डॉ अनुराग शर्मा के निर्देशानुसार एवं बीएमओ डॉ नागेन्द्र मिश्रा के मार्गदर्शन में स्वास्थ्य शिविर का आयोजन हुआ जिसमे 117 हितग्राहियों का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया स्वाथ्य शिविर में डॉ नागेन्द्र मिश्रा,डॉ हरीश कुमार सोनी,ने हितग्राहियों का स्वाथ्य परीक्षण किया स्वास्थ्य शिविर में 32 लोगो का स्पुटम जॉच हेतु एकत्रित किया गया शिविर में 117 एच आई व्ही वी,117 हेपेटाइटिस बी , हेपेटाइटिस सी, जिसमें और 61 मरीजो का बी पी तथा 52 मरीजों का शुगर जांच की गई एएन सी जांच 16 तथा चर्म रोग 02 लोगों को चिन्हित किया गया और 02 एक्लाइंट एस टी आई की शिकायत बताई गई और 36 मलेरिया जांच की गई, और स्वस्थ रहने की जानकारी दी गई एसएस के मैनेजर पुष्पराज विश्वकर्मा द्वारा सभी हितग्राहियों को एचआईवी/ एस टी आई बारे में बताते हुए टीवी के बारे में विस्तार पूर्वक में बताया गया शिविर में सेक्टर सुपरवाइजर पवन द्विवेदी, एस टी एस मनोज पांडे, काउंसलर राजीव दुबे,एल टी प्रफुल्ल पटेल, एमपीडब्ल्यू संतोष शुक्ला सीएचओ स्नेहा खटीक,सीएचओ पलक सिंह, सीएचओ दीपक गौतम एसएसके ओ आर डब्ल्यू जैनेन्द्र श्रीवास्तव, ओआरडब्लू लवकुश वर्मा, देव कुमार पटेल आशा पर्यवेक्षक सरस्वती मिश्रा,तथा सभी आशा उपस्थित रहकर स्वास्थ्य शिविर को सफल बनाया।

**नाम सुधार सूचना**

मै प्रगति कुमार मेहता पिता श्री अनील कुमार मेहता उम्र 51 वर्ष निवासी एम.आई.जी. 159. नवजीवन बिहार कॉलोनी, पो. विन्ध्यनगर तह व जिला सिंगरौली (म. प्र. ) शपथ पूर्वक कथन करता हूँ कि मैं उपरोक्त पते का निवासी हूँ मेरे पुत्र का नाम जयांश प्रगती मेहता (Jayansh) Pragati Mehta) एवं जन्म तिथि 07/08/2009 है। जो कि उसके आधार कार्ड में अंकित है। मेरे उक्त पुत्र के DELHI PUBLIC SCHOOL, VINDHANAGAR के अंकसूची एवं रिकार्ड में मेरे पुत्र का नाम JAYANSH MEHTA अंकित किया गया है। उक्त दोनो नाम जयांश प्रगती मेहता (Jayansh Pragati (Mehta) एवं JAYANSH MEHTA एक ही व्यक्ति यानी मेरे पुत्र के ही नाम है जिसे सुधार कर मेरे पुत्र के स्कूल के रिकार्ड में मेरे पुत्र का सही व वास्तविक नाम जयांश प्रगती मेहता (Jayansh Pragati Mehta) अंकित किया जाय !

शपथकर्ता